हरिभूमि

# जींद-कैथल भूमि

रोहतक, शुक्रवार 30 अक्टूबर 2026

**तापमान**

अधिकतम 27 .0 डिग्री
न्यूनतम 18 .0 डिग्री

12 सुहागिनों ने रखा करवा चौथ का व्रत, पति के दीदार के साथ खोले व्रत



12 कलायत में नगर पालिका की स्ट्रीट लाइट व्यवस्था फेल गलियों व सड़कों पर छाया अंधेरा



# बूंदाबांदी से किसानों के चेहरे पर उभरी चिंता की लकीरें

## आकाश में छाए रहे बादल, दिनभर गुलाबी ठंड का अहसास, तापमान में दो डिग्री की गिरावट, आज भी बूंदाबांदी के आसार

हरिभूमि न्यूज ⏭ जींद

पश्चिमी विक्षोभ की सक्रियता के चलते वीरवार को जिले में कहीं-कहीं पर हलकी बूंदाबांदी हुई। आकाश में बादलों के छाने तथा ठंडी हवा से दिनभर गुलाबी ठंड का अहसास होता रहा। तापमान से किसानों के चेहरे पर शिकन साफ देखने को मिली। किसानों को लगतार भय सताता रहा कि कही मौसम का मिजाज उनकी मेहनत पर पानी न फेर दे। वीरवार को अधिकतम तापमान 28 डिग्री तथा न्यूनतम तापमान 18 डिग्री दर्ज किया गया। मौसम में आद्रता 47 प्रतिशत तथा वहा की गति 11 किलोमीटर प्रति घंटा दर्ज की गई। मौसम विभाग के अनुसार शुक्रवार को भी आकाश में बादल छाए रहेंगें। कहीं-कहीं बूंदाबांदी होने की संभावना है।



### बदला मौसम का मिजाज

वीरवार को दिन का आगाज आकाश में छाए बादलों के साथ हुआ। दिन चढने के साथ बादल गहरे हो गए। कहीं-कहीं पर हलकी बूंदाबांदी भी हुई। हवा भी ठंडी रही। जिससे ठंड का अहसास होता रहा। दोपहर बाद फिर से आकाश में बादल घिर आए। जिसके चलते बूंदाबांदी के आसार बन गए। तापमान में भी गिरावट दर्ज की गई।

### किसानों के चेहरे पर चिंता की लकीरें

मौसम के तेवर बदलने से किसानों के चेहरों पर चिंता की लकीरें साफ देखने को मिली। किसानों का कहना है कि खेत खलिहान से मंडियों तक धान, बाजरा, कपास की फसलें फैली हुई हैं। धान की आवक तेज होने के कारण मंडियां अटी हुई हैं। अगर ऐसे हालात मे बारिश होती है तो फसलों को काफी नुकसान पहुंचेगा। फसलों की गुणवत्ता में गिरावट आएगी।

### मौसम का ठीक होने का करे इंतजार

कृषि विशेषज्ञों का कहना है कि दो दिन तक मौसम में उतार-चढाव बना रहेगा। किसान धान फसल की कटाई रोक दें। निकाली गई फसल को तिरपाल से ढांप दें, मौसम के ठीक होने का इंतजार करें। उसके बाद ही कृषि से संबंधित कार्य करें। मौसम वैज्ञानिक डा. राजेश ने बताया कि पश्चिमी विक्षोभ की सक्रियता के चलते कहीं-कहीं बूंदाबांदी हुई है। शुक्रवार को भी आकाश में बादल छाए रहने तथा कहीं बूंदाबांदी की संभावना है।

### खेतों में खड़ी फसल को नुकसान का डर

जिले में धान की कटाई का काम अभी पूरा नहीं हुआ है। करीब दो लाख एकड़ में फसल खेतों में खड़ी है। धान पककर तैयार होने के कारण किसान जल्द कटाई कर फसल मंडियों तक पहुंचाना चाहते हैंए लेकिन मौसम साथ नहीं दे रहा। बूंदाबांदी और बादलों के कारण किसानों को आशंका है कि बारिश बढने पर फसल की गुणवत्ता प्रभावित हो सकती है। खेतों में पानी भरने या फसल के गिरने की स्थिति में कटाई में देरी होने के साथ उत्पादन और गुणवत्ता पर भी असर पड़ सकता है। ऐसे में किसानों के सामने मौसम साफ होने तक इंतजार करने या जल्द से जल्द कटाई पूरी करने की चुनौती है।

### मंडियों में 11 लाख क्विंटल धान का उठान लंबित

जिले की अनाज मंडियों में अब तक करीब 22 लाख क्विंटल धान की आवक हो चुकी है। इसमें से 15 लाख क्विंटल की खरीद हुई है। जबकि करीब 11 लाख क्विंटल धान का उठान लंबित है। किसानों को अब तक 252 करोड़ रुपये का भुगतान मिला है। खरीद के बाद धान का समय पर उठान नहीं होने से मंडियों में जगह की समस्या और बारिश में फसल भीगने का खतरा बढ़ रहा है। वहीं जींद और नरवाना मंडियों में करीब 10 दिन पहले खरीदी गई धान का भी उठान नहीं होने की समस्या सामने आ रही है।

## राजौंद में मौसम ने बदली करवट बढ़ी ठंड, किसानों की बढ़ी चिंता



**राजौंद।** राजौंद क्षेत्र में गुरुवार सुबह मौसम ने अचानक करवट ली। सुबह से ही आसमान में बादल छाए रहे और रुक-रुककर हल्की बूंदाबांदी का सिलसिला जारी रहा। दिनभर सूर्य देव के दर्शन नहीं हुए। हल्की बूंदाबांदी के चलते मौसम में ठंडक बढ़ गई और लोगों ने गर्म कपड़ों का रुख कर लिया।हालांकि क्षेत्र में जोरदार बारिश नहीं हुई, लेकिन बूंदाबांदी और बादलों के कारण तापमान में गिरावट महसूस की गई। मौसम के अचानक बदले मिजाज से किसानों की चिंता भी बढ़ गई। खेतों में खड़ी धान सहित अन्य फसलों को लेकर किसान बारिश की आशंका से चिंतित नजर आए। किसानों का कहना है कि यदि मौसम इसी तरह बना रहा और तेज बारिश हुई तो खेतों में तैयार फसल के काम पर असर पड़ सकता है।दिनभर बादल छाए रहने और ठंडी हवाओं के चलते लोगों को सुबह से ही सर्दी का एहसास होने लगा।

## खबर संक्षेप

### बिजली उपभोक्ताओं की शिकायतें सुनेगा नगम

**कैथल।** उत्तर हरियाणा बिजली वितरण निगम के अधीक्षक अभियंता भूपेंद्र सिंह ने बताया कि बिजली उपभोक्ताओं की शिकायतों का शीघ्र निपटारा करने के लिए पिहोवा चौक स्थिति बिजली विभाग के कार्यालय के हॉल में उपभोक्ता शिकायत निवारण बिजली अदालत का आयोजन किया जाएगा। इसके लिए प्रत्येक सप्ताह मंगलवार का दिन सुबह 11 बजे से दोपहर एक बजे तक निर्धारित किया गया है।

### चैक बाउंस के आरोपी को सुनाई दो साल की कैद

**कैथल।** कैथल में चेक बाउंस के एक मामले में न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी संदीप कौर की अदालत ने दोषी हरजिंदर सिंह को दो साल की कैद की सजा सुनाई है। अदालत ने दोषी को शिकायतकर्ता फाइनेंस कंपनी को 1766833 रुपए मुआवजा देने के भी आदेश दिए हैं। अदालत ने मुआवजे की राशि एक महीने के भीतर जमा कराने का निर्देश दिया है।

### हत्या करने का आरोपित गिरफ्तार

**जींद।** पुलिस ने जुलाना में हुई कृष्ण हत्या मामले में कार्रवाई करते हुए एक और आरोपित को काबू किया है। पकड़े गए आरोपित की पहचान रोहतक जिले के रूढ़की गांव निवासी रविंद्र के रूप में हुई है। थाना जुलाना के प्रबंधक उप निरीक्षक कमल सिंह ने बताया कि 17 अक्टूबर को पुलिस को सूचना मिली थी कि जुलाना निवासी कृष्ण गोली लगने से घायल हो गया है। सूचना मिलते ही पुलिस ने कार्रवाई शुरू कर दी।

### मकान की खिड़की उखाड़ लाखों का सामान चोरी

**जींद।** न्यू ज्वाहर नगर में चोरों ने मकान से सोने व चांदी के जेवरात नगदी समेत लाखों रुपये कीमत का सामान चोरी कर लिया। सिविल लाइन थाना पुलिस ने शिकायत के आधार पर चोरी का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। न्यू ज्वाहर नगर निवासी जसप्रीत कौर ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह प्राइवेट स्कूल में अध्यापिका है। गत दिवस वह अपनी डयूटी पर गई हुई थी।

## खरीद एजेंसियों और मिलरों पर लगाए मिलीभगत के आरोप

# धान खरीद और उठान में देरी से भड़के किसान, सफीदों मंडी के गेट पर जड़ा ताला

हरिभूमि न्यूज ⏭ जींद

सफीदों अनाज मंडी में पीआर धान की सरकारी खरीद और उठान में देरी से परेशान किसानों का गुस्सा वीरवार को फूट पड़ा। नाराज किसानों ने मंडी के मुख्य गेट पर ताला जड़कर रोष जताया। किसानों की तालाबंदी से मंडी में हलचल मच गई। किसानों ने सरकारी खरीद व्यवस्था पर सवाल उठाते हुए आरोप लगाया कि खरीद एजेंसियों और मिलरों की कार्यप्रणाली के कारण उन्हें आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है। मामले की सूचना मिलने पर एसडीएम पुलकित मल्होत्रा मंडी पहुंचे और किसानों से बातचीत कर उनकी समस्याएं सुनीं। किसानों का आरोप था कि सफीदों मंडी में सरकारी धान खरीद की व्यवस्था पूरी तरह चरमराई हुई है। खरीद एजेंसियों के बीच आपसी तालमेल की कमी और कथित मिलीभगत के कारण किसानों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। किसानों ने आरोप लगाया कि उनकी धान की खरीद के दौरान प्रति क्विंटल 200 से 300 रुपये तक कटौती की जा रही हैए जिससे उन्हें भारी आर्थिक नुकसान हो रहा है। वहीं जो धान न्यूनतम समर्थन मूल्य पर खरीदी गई है, उसका समय पर उठान नहीं किया जा रहा।



**जींद।** किसानों द्वारा मंडी गेट पर जड़ा गया ताला।

### 20 दिन से पड़ी है खरीदी गई धान

किसानों ने बताया कि मंडी में करीब 20 दिन पहले एमएसपी पर खरीदी गई धान अब तक उठाई नहीं गई है। इसके चलते मंडी परिसर में धान के ढेर लगे हुए हैं और किसानों को अपनी फसल बेचने में परेशानी हो रही है। किसानों का कहना था कि जब तक खरीदी गई धान का उठान नहीं होगा, तब तक भुगतान की प्रक्रिया भी प्रभावित रहेगी। इससे उन्हें आर्थिक दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है और अगली फसल की तैयारी सहित अन्य जरूरी खर्चों को पूरा करना मुश्किल हो रहा है।

### एसडीएम के आश्वासन पर खोला मंडी गेट

मंडी गेट पर तालाबंदी की सूचना मिलने के बाद एसडीएम पुलकित मल्होत्रा मौके पर पहुंचे। उन्होंने किसानों से बातचीत कर उनकी समस्याएं सुनीं। इसके बाद संबंधित खरीद एजेंसियों और मार्केट कमेटी के अधिकारियों को निर्देश दिए तथा व्यवस्था में लापरवाही को लेकर कड़ी नाराजगी जताई। एसडीएम ने किसानों को आश्वासन दिया कि आगामी 24 घंटे के भीतर धान का उठान करवाया जाएगा और किसानों के खातों में भुगतान पहुंचाने की प्रक्रिया सुनिश्चित की जाएगी। प्रशासन के इस आश्वासन के बाद किसानों ने मंडी गेट का ताला खोल दिया।

### पीआर धान की खरीद न होने पर किसानों ने बंद किया अतिरिक्त मंडी का गेट



**उचाना।** हाईवे स्थित अतिरिक्त मंडी में पीआर धान की खरीद नहीं होने से नाराज किसानों ने मंडी गेट बंद कर रोष प्रकट किया। गेट बंद होने की सूचना मिलने पर मार्केट कमेटी सचिव योगेश कुमार और उचाना मंडी चौकी इंचार्ज अनिल कुमार मौके पर पहुंचे। मार्केट कमेटी सचिव द्वारा धान की खरीद शुरू करवाने का आश्वासन देने के बाद किसान गेट खोलने को तैयार हुए। करीब 20 मिनट तक मंडी का गेट बंद रहा। इसके बाद मार्केट कमेटी सचिव योगेश कुमार और खरीद एजेंसी के इंस्पेक्टर अजय कुमार ने मंडी में पड़ी पीआर धान की ढेरियों पर पहुंचकर नमी की जांच की। सचिव ने किसानों को आश्वस्त किया कि उन्हें किसी प्रकार की परेशानी नहीं आने दी जाएगी। नियमानुसार मानकों पर खरी उतरने वाली धान की ढेरियों की खरीद की जा रही है।

### कटौती की शिकायत लिखित में देने की अपील

अधिकारियों ने किसानों से कहा कि एसडीएम सुमन यादव (आईएएस) भी मंडी में पहुंचकर किसानों की समस्याएं सुन चुकी हैं। यदि किसी किसान की फसल खरीदते समय कोई कटौती की जा रही है, तो वह लिखित में शिकायत दे, ताकि मामले की जांच कर उचित कार्रवाई की जा सके। अधिकारियों ने कहा कि सरकार द्वारा घोषित न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) के अनुसार किसानों के खातों में भुगतान किया जा रहा है। उन्होंने किसानों को आश्वासन दिया कि धान की खरीद नियमानुसार करवाई जाएगी और किसानों को किसी तरह की परेशानी नहीं आने दी जाएगी।

## रोड रोलर से नष्ट करवाए 70 से अधिक बुलेट बाइकों के साइलेंसर

- पटाखे बजाकर दहशत फैलाने वाले बाइक चालकों पर कैथल ट्रैफिक पुलिस की सख्ती जारी



रोड रोलर की सहायता से बुलेट बाइक के साइलेंसरों को नष्ट करवाते ट्रैफिक एसएचओ इंस्पेक्टर रमेश कुमार।

**कैथल।** ट्रैफिक पुलिस द्वारा यातायात नियमों की अवहेलना करने वालों के खिलाफ लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी कड़ी में वीरवार सुबह पेहोवा चौक, कैथल पर ट्रैफिक एसएचओ इंस्पेक्टर रमेश कुमार की अगुवाई में पुलिस द्वारा रोड रोलर की सहायता से 70 से अधिक बुलेट बाइकों के मॉडिफाइड साइलेंसर नष्ट करवाए गए। ट्रैफिक एसएचओ इंस्पेक्टर रमेश कुमार ने बताया कि कुछ मनचले युवक अपनी बुलेट बाइकों में मॉडिफाइड साइलेंसर लगाकर स्कूल-कॉलेजों के बाहर तेज आवाज में पटाखे बजाते थे, जिससे विद्यार्थियों और आमजन को परेशानी होती थी तथा क्षेत्र में दहशत का माहौल बनता था। ऐसे बाइक चालकों के खिलाफ कैथल ट्रैफिक पुलिस द्वारा नियमानुसार चालान किए गए। साथ ही, मौके पर मैकेनिक बुलाकर मॉडिफाइड साइलेंसर उतरवाए गए और उनके स्थान पर निर्धारित मानकों के अनुरूप साइलेंसर लगवाए गए। उतरवाए गए साइलेंसर पुलिस ने जब्त कर लिए थे। उन्होंने बताया कि जब्त किए गए 70 से अधिक मॉडिफाइड साइलेंसरों को वीरवार सुबह पेहोवा चौक पर रोड रोलर की सहायता से नष्ट करवाया।

### बुलेट चालकों पर पुलिस का एक्शन जारी

- 39 हजार का चालान कर बाइक इंपाउंड

**कैथल।** बुलेट बाइक के साइलेंसर से पटाखे बजाकर आमजन में दहशत फैलाने वाले वाहन चालकों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए दुर्गा शक्ति गाड़ी पर तैनात इंचार्ज एएसआई गुलाब सिंह की टीम ने पूंडरी-कैथल रोड पर कार्रवाई करते हुए पटाखे बजाने वाली एक बुलेट बाइक को काबू किया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया की पुलिस जांच के दौरान उक्त बुलेट बाइक के साइलेंसर से पटाखों जैसी तेज आवाज निकाली जा रही थी। बाइक चालक मौके पर बाइक की आरसी, ड्राइविंग लाइसेंस व अन्य आवश्यक दस्तावेज भी प्रस्तुत नहीं कर सका। यातायात नियमों की उल्लंघना करने पर पुलिस द्वारा नियमानुसार बाइक का 39 हजार रुपये का चालान किया गया। साथ ही नियमों की घोर अवहेलना के चलते बाइक को इंपाउंड कर लिया गया। कैथल पुलिस आमजन की सुरक्षा और शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए प्रतिबद्ध है। पुलिस द्वारा यातायात नियमों की अवहेलना करने तथा पटाखे बजाकर आमजन को परेशान करने वाले वाहन चालकों के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई लगातार जारी रहेगी।

## करवा चौथ पर तीन बच्चों के पिता की मौत

- ट्रैक्टर-ट्रॉली ने मारी बाइक सवार को टक्कर

हरिभूमि न्यूज ⏭ कैथल

करवा चौथ पर्व का दिन गांव चंदाना के एक परिवार के लिए मातम में बदल गया। शहर के जींद रोड स्थित आईटीआई चुंगी के पास बुधवार रात करीब 10 बजे ट्रैक्टर-ट्रॉली की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत हो गई। मृतक युवक की पहचान चंदाना के 35 वर्षीय सुनील के रूप में हुई है। टक्कर इतनी जोरदार थी कि बाइक में आग लग गई। सुनील राज मिस्त्री का काम करता था। बुधवार रात के समय भी शहर में से काम खत्म करने के बाद घर वापस लौट रहा था। वह विवाहित है और उसके दो बेटे और एक बेटी है। हादसे में जान गंवाने के बाद उसके बच्चों के सिर से पिता का साया उठ गया।



हादसे के बाद बाइक में लगी आग

### ट्रैक्टर-ट्रॉली से टकराई बाइक, युवक की मौत

अनाज मंडी चौकी इंचार्ज एसआई जयपाल ने बताया कि बुधवार रात करीब 10 बजे सुनील बाइक पर सवार होकर आईटीआई चुंगी के पास पहुंचा तो ट्रैक्टर-ट्रॉली से उसकी टक्कर हो गई। हादसे में वह गंभीर रूप से घायल हो गया। इसके साथ ही उसकी बाइक भी जल गई। राहगीरों ने पुलिस को सूचना दी। अनाज मंडी चौकी पुलिस मौके पर पहुंची और घायल सुनील को सिविल अस्पताल पहुंचाया। हालत गंभीर होने पर उसे पीजीआई रोहतक रेफर कर दिया गया, लेकिन रास्ते में ही उसकी मौत हो गई। एसआई जयपाल ने बताया कि हादसे के बाद जली हुई बाइक को अनाज मंडी चौकी ले जाया गया।

### हेरोइन और अफीम सप्लायर प्रगट काबू

**कैथल।** हेरोइन (चिट्टा) व अफीम सप्लाई करने के मामले में सीआईए कलायत पुलिस प्रभारी एएसआई मनीष कुमार की अगुवाई में पीएसआई सौरभ की टीम द्वारा आरोपी अफगान पट्टी कैथल निवासी प्रगट सिंह को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस प्रवक्ता ने 27 जुलाई को एएसआई नरेंद्र सिंह की टीम अम्बाला- खुराना रोड़ पर स्थित ड्रैन पर नाकाबंदी करके बाइक पर सवार आए अफगान पट्टी कैथल निवासी अनिल कुमार को काबू किया गया था। जिसके कब्जे से 269 ग्राम हेरोइन (चिट्टा) तथा 125 ग्राम अफीम बरामद हुई थी।

## फर्जी दस्तावेजों पर क्लीनिक चलाने पर दो के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ जींद

- गांव मलिकपुर में जाली दस्तावेजों पर चलाया जा रहा क्लीनिक
- जिस चिकित्सक के दस्तावेज दिए वे जांच में निकले फर्जी

गांव मलिकपुर में बिना वैध दस्तावेजों के क्लीनिक चलाने पर सदर थाना सफीदों पुलिस ने शिकायत के आधार पर संचालक समेत दो लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी, फर्जी दस्तावेजों को सहारा लेने समेत विभिन्न भारतीय न्याय संहिता के तहत मामला दर्ज किया है। स्वास्थ्य विभाग सफीदों के सीनियर मेडिकल ऑफिसर डा. सुनील ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि विभाग को सूचना मिली थी कि गांव मलिकपुर निवासी गौरव गांव में बिना दस्तावेजों के अपने नाम से क्लीनिक चला रहा है। जिसके आधार पर स्वास्थ्य विभाग की टीम ने गत चार अप्रैल को क्लीनिक पर दस्तक दी। क्लीनिक पर गौरव मिला। जांच के दौरान क्लीनिक में दवाइयां, उपकरण, स्टेथोस्कोप, बीपी आपरेट करने की दवाइयां व अन्य मेडिकल सामान मिला था। जिस पर टीम ने क्लीनिक को सील कर दिया। गत नौ अप्रैल को गौरव ने डा. आयुष तिवारी की डिग्री, रजिस्ट्रेशन तथा अन्य दस्तावेज कार्यालय में पेश किए। दस्तावेजों को जांच के लिए पंचकूला भेजा गया। जांच में हरियाणा मेडिकल रजिस्ट्रेशन फर्जी पाया गया। सदर थाना सफीदों पुलिस ने डा. सुनील की शिकायत पर गांव मलिकपुर निवासी गौरव, चूरू राजस्थान निवासी डा. आयुष तिवारी के खिलाफ धोखाधड़ी, फर्जी दस्तावेजों को सहारा लेने समेत विभिन्न भारतीय न्याय संहिता के तहत मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। सदर थाना सफीदों के जांच अधिकारी मदनलाल ने बताया कि स्वास्थ्य विभाग द्वारा शिकायत दी गई थी। फिलहाल दो लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है।

## न्यू काठ मंडी में सीएम फ्लाइंग ने मारा छापा, 19 गैस सिलेंडर बरामद

- दुकान के साथ बने गोदाम में किया था गैस सिलेंडरों का भंडारण

हरिभूमि न्यूज ⏭ जींद

सीएम फ्लाइंग ने वीरवार को न्यू काठ मंडी में गोदाम पर छापेमारी की और 19 अवैध रूप से भंडारण किए गैस सिलेंडरों को बरामद किया है। सीएम फ्लाइंग ने छापेमारी की विस्तृत रिपोर्ट तैयार कर मुख्यालय को भेज दी है। आगामी कार्यवाही खाद्य एवं आपूर्ति विभाग द्वारा अमल में लाई जाएगी। सीएम फ्लाइंग को सूचना मिली थी कि न्यू काठ मंडी में दुकान के साथ गोदाम में गैस सिलेंडरों का भंडारण किया गया है। जिनकी त्योहारों के सीजन में कालाबाजारी होनी है। सूचना के आधार पर सीएम फ्लाइंग के सब इंसपेक्टर सतपाल के नेतृत्व में छापामार टीम का गठन किया गया। जिसे सब इंस्पेक्टर चरण सिंह, एएसआई कर्मबीर को शामिल किया गया। टीम मे खाद्य आपूर्ति विभाग के निरीक्षक सचिन, जगमहेंद्र तथा अग्रिश्मन विभाग के हितेंद्र को भी शामिल किया गया। टीम ने गोदाम पर दस्तक दी तो वहां पर सुभाष नगर निवासी विजय मिला। टीम ने जब गोदाम की तलाशी ली तो वहां पर दस कर्मिशयल तथा नौ घरेलू गैस के सिलेंडर मिले।





**जींद।** बरामद हुए गैस सिलेंडर व कार्रवाई करते हुए टीम। **फोटो : हरिभूमि**

## एक को होगा अमृत फार्मेसी का उद्घाटन, मरीजों को ब्रांडेड दवाओं की तुलना में बहुत कम कीमत पर दवाएं होंगी उपलब्ध

### अमृत फार्मेसी के पास ही वीटा पार्लर में मिलेंगे सभी वीटा उत्पाद

# नागरिक अस्पताल अमृत फार्मेसी को शुरू करने की तैयारियां पूरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ जींद

जिला मुख्यालय स्थित नागरिक अस्पताल में आम लोगों को सस्ती और गुणवत्तापूर्ण दवाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से अमृत फार्मेसी बन कर तैयार है। दवाइयों को देने के बाद उन्हें लिस्टिड करने को लेकर सॉफ्टवेयर इंस्टॉल है। दवा के रैक सजा कर दवाओं को रख दिया गया है। हालांकि अभी तक दवाओं को देना शुरू नही किया गया है। एक नवंबर को विधिवत उद्घाटन के बाद अमृत फार्मेसी से लोगों को दवाइयां मिलनी शुरू हो जाएंगी। फिलहाल अमृत फार्मेसी में एक कम्प्युटर सेट व फार्मासिस्ट को बैठा दिया गया है। वहीं पास ही बनाए जा रहे वीटा पार्लर का कार्य भी अंतिम चरण में है।



**जींद।** गोहाना रोड पर अस्पताल के द्वार के पास बनाई गई अमृत फार्मेसी व वीटा पार्लर।

### अमृत फार्मेसी पर मिलेंगी हर प्रकार की ब्रांडेड दवाइयां

हरियाणा सरकार ने स्वस्थ हरियाणा अभियान के तहत प्रत्येक जिले के नागरिक अस्पतालों में अमृत फार्मेसी के नाम से मेडिकल स्टोर खोलने की योजना बनाई है। इन मेडिकल स्टोर पर सभी प्रकार की ब्रांडेड दवाइयां बाजार से सस्ती मिलेंगी। गोहाना रोड पर राजकीय महाविद्यालय के सामने नागरिक अस्पताल गेट के पास ही अमृत फार्मेसी व वीटा पार्लर बनाया गया है। पिछले लगभग अढाई माह से अमृत फार्मेसी व वीटा पार्लर को लेकर काम चला हुआ है। अब अमृत फार्मेसी का काम लगभग पूरा है वहीं वीटा पार्लर का निर्माण चला हुआ है। वैसे तो नागरिक अस्पताल के अंदर ही मेडिकल स्टोर से सभी प्रकार की दवाइयां मरीजों को मुफ्त मिलती हैं। कई बार अस्पताल के अंदर कई प्रकार की दवाइयां उपलब्ध नहीं हो पाती। ऐसे में मरीजों को बाहर से दवाइयां खरीदनी पड़ती हैं। वहीं अस्पताल में जनऔषधी केंद्र भी है लेकिन यहां ब्रांडेड कंपनियों की दवाइयां नहीं मिलती।

## खबर संक्षेप

### महिला पुरस्कारों के लिए आवेदन पांच तक मांगे

**जींद।** हरियाणा सरकार के महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा वर्ष 2026-27 के राज्य स्तरीय महिला पुरस्कारों के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। इन पुरस्कारों के माध्यम से विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं को सम्मानित किया जाएगा। इच्छुक एवं पात्र महिलाएं पांच नवंबर तक विभाग के आधिकारिक पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन कर सकती हैं। डीसी डा. वैशाली शर्मा ने वीरवार को जानकारी देते हुए बताया कि राज्य सरकार द्वारा महिलाओं की उपलब्धियों, साहस, सामाजिक योगदान, नेतृत्व क्षमता और उद्यमशीलता को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से विभिन्न श्रेणियों में पुरस्कार प्रदान किए जाते हैं। इन पुरस्कारों के माध्यम से समाज में उल्लेखनीय योगदान देने वाली महिलाओं को पहचान एवं सम्मान प्रदान किया जाएगा।

### बुडायन गांव में योग शिविर आज से शुरू

**उचाना।** पंचगामा विकास मॉडल स्कीम के तहत गांव बुडायन में सात दिवसीय योग शिविर का आयोजन किया जाएगा। स्कीम के प्रणेता डॉ. सागर प्रीत डीजी पुलिस एवं लीड ऑफिसर तथा डॉ. राजेश खोथ एसडीएम हांसी के निर्देशानुसार आयोजित होने वाले इस शिविर की अगुवाई योगाचार्य सतीश कुमार करेंगे। शिविर की शुरुआत 30 अक्टूबर 2026 से होगी। मा. रामप्रसाद ने बताया कि योग शिविर गांव के सामुदायिक हॉल में प्रतिदिन सुबह 5 बजे से 6:30 बजे तक आयोजित किया जाएगा। शिविर का मुख्य उद्देश्य स्वस्थ नागरिक समाज की संकल्पना को साकार करना और लोगों को योग के माध्यम से बेहतर स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना है। इसके साथ ही लोगों को नियमित योगाभ्यास के लिए प्रेरित किया जाएगा, ताकि वे स्वस्थ जीवनशैली अपनाकर अपने स्वास्थ्य को बेहतर बना सकें। अपना गांव अपने हाथ, अपना स्वास्थ्य अपने साथ की भावना को अपनाकर सामूहिक प्रयासों से स्वस्थ समाज का निर्माण किया जा सकता है।

### मिलावटखोरों पर हो कठोर कार्रवाई

**जींद।** माजरा खाप पंचायत के प्रधान गुरविंदर सिंह संधू व महासचिव महेंद्र सिंह सहारण ने कहा कि मिलावटखोरों पर आंतकवादीयो जैसी कठोर कार्रवाई होनी चाहिए। आतंकवादी व्यक्ति की एक झटके में जान लेते हैं ओर मिलावटखोर तिल-तिल मरने के लिए छोड़ देते हैं। अब दीपावली का त्योहार आ रहा है। अब से 10 दिन पहले मिठाइयां बननी शुरू हो गई हैं। गांव में दूध का अकाल पड़ा है और हलवाइयों के पास दूध के बने मावा पनीर के गोदाम भरे पड़े हैं। प्रवक्ता समुन्द्र सिंह फोर ने कहा कि खाद्य सुरक्षा विभाग व सीएमओ को अपने अधिकारी मार्केट में भेजने चाहिए और उत्पादन इकाइयों की निगरानी बढ़ाई जानी चाहिए। खाद्य सुरक्षा व मिलावट पर कार्यवाही खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006के तहत करने का नियम है लेकिन उनको धरातल पर नहीं उतरा जा रहा है। माजरा खाप ने कहा कि मिलावट करने वाले संगठित मिलावट गिरोह के खिलाफ सख्त कार्रवाई करनी चाहिए।

### पटेल की जयंती पर रक्तदान शिविर लगेगा

**नरवाना।** राजकीय महाविद्यालय नरवाना में 31 अक्टूबर को सरदार वल्लभभाई पटेल जयंती के उपलक्ष में रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा। प्रोफेसर जयपाल आर्य ने बताया कि रेड क्रॉस सोसाइटी जींद के निर्देशन में नागरिक अस्पताल की रक्त बैंक की टीम द्वारा रक्तदान शिविर में रक्तदाताओं से रक्तदान स्वरूप लिया जाएगा। रक्तदान समाज सेवा का पुनीत कार्य है। एक बार रक्तदान से तीन व्यक्तियों का निस्वार्थ भाव से उद्धार करता है। रक्तदाता की आयु 18 वर्ष, रक्त में हीमोग्लोबिन की मात्रा 12.5 मिलीग्राम एवं शरीर का वजन 50 किलोग्राम से ऊपर होना चाहिए। सब मिलकर समाज सेवा के यज्ञ स्वरूप रक्तदान शिविर में रक्तदान करके अपनी पुनीत आहुतियां देवें।

## संशोधित स्टेज कैरिज स्कीम के तहत बस परमिट जारी करने की प्रक्रिया रुकी

# बस परमिट आवेदन प्रक्रिया पर रोक, 400 से ज्यादा आवेदन अटके

**राज्य परिवहन आयुक्त ने परमिट के लिए आवेदन आमंत्रित करने से संबंधित पत्रों को वापस लिया**

हरिभूमि न्यूज ⏭ जींद

संशोधित स्टेज कैरिज स्कीम तहत बस परमिट जारी करने की प्रक्रिया को लेकर राज्य परिवहन आयुक्त ने परमिट के लिए आवेदन आमंत्रित करने से संबंधित 26 अगस्त और 30 सितंबर को जारी किए दोनों पत्र वापस लेने के आदेश जारी किए हैं। इस फैसले के बाद परमिट के लिए आवेदन आमंत्रित करने की प्रक्रिया फिलहाल आगे नहीं बढ़ेगी। विभाग ने स्पष्ट किया है कि आगे की कार्रवाई के संबंध में बाद में सूचित किया जाएगा। इस फैसले से बस परमिट के लिए आवेदन करने के इच्छुक लोगों की नजरें अब विभाग के अगले आदेश पर रहेंगी। फिलहाल आवेदन आमंत्रित करने की नई तारीख, आवेदन प्रक्रिया की समय सीमा और आगे की कार्रवाई को लेकर कोई नया कार्यक्रम जारी नहीं किया गया है।

गौरतलब है कि संशोधित स्टेज कैरिज स्कीम के तहत 35 ग्रामीण रूटों पर प्राइवेट बसों को लेकर स्टेज कैरिज परमिट देने के लिए मांगे गए थे। पहले आवेदन की अंतिम तारीख 30 सितंबर थी लेकिन अब इसे बढ़ाते हुए छह नवंबर तक कर दिया गया था। अब परमिट आवेदन को लेकर आगामी प्रक्रिया पर रोक लगा दी गई है। अभीतक जिलेभर में में 400 से ज्यादा आवेदन आ चुके थे। आवेदक को 25 हजर रुपये की निर्धारित नॉन रिफंडेबल फीस के साथ-साथ जरूरी जानकारी आवेदकों को साथ में दिए गए प्रपत्र 1 में देनी थी। संबंधित जिला परिवहन अधिकारी द्वारा आवेदनों को प्राप्त करने, प्रोसेस करने और उनकी जांच व पड़ताल करने के लिए एक विशेष टीम बनाई गई थी। इस टीम में एडीटीओ, एमवीओ, टीआई, टीएसआई और जरूरत के अनुसार आपरेटर व अन्य सहयोगी स्टाफ शामिल किए गए थे। इस समय जिले में परिवहन समिति की 162 बस दौड़ रही हैं। इसमें से नरवाना रूट पर 31, असंध पर 16, गोहाना-बरवाला पर 19, हांसी पर 26, पुंडरी पर तीन, जींद-पानीपत पर 26, पिल्लूखेड़ा-रोहतक पर पांच, नरवाना-हांसी पर पांच, नरवाना-कैथल पर 24 और नरवाना-हिसार रूट पर 20 बसें शामिल हैं। नए रूट में पिल्लूखेड़ा से रोहतक वाया धड़ौली, ललितखेड़ा, नंदगढ़, लिजवाना, जुलाना, लाखनमाजरा, जींद से हांसी वाया ईक्कस, रामराये, गुलकनी, राजथल, नारनौंद, नरवाना से नारनौंद वाया उचाना कलां, भौंगरा, बुडायन, कापड़ो, खेड़ी चौपटा, राखी और नरवाना से जींद वाया डूमरखां, सफाखेड़ी, उचाना कलां, खटकड़, झांझ जैसे रूट पर परिवहन समिति की बसों से आवेदन मांगे गए थे।





**जींद।** जींद बस अड्डा पर खड़ी बसें। *फोटो : हरिभूमि*

**अभी आगामी आदेशों तक आवेदन को लेकर लगी रोक**

*जिला परिवहन विभाग के निरीक्षक बलजीत सिंह ने बताया कि परमिट आवेदन की अंतिम तिथि छह नवंबर थी। जैसे ही कोई नए निर्देश आते हैं तो आवेदकों को इसके बारे में सूचित कर दिया जाएगा। एक सितंबर से लेकर अभी तक 400 से ज्यादा आवेदन आ चुके थे। जिले में नए स्टेज कैरिज परमिट लेने के लिए आवेदन की प्रक्रिया पर आगामी आदेशों तक रोक लगा दी गई है।*

# जैवलिन थ्रो में बेलरखा गांव के प्रिंस ने तीसरा स्थान पाया




**नरवाना।** प्रिंस धतरवाल ने भाला फेंक प्रतियोगिता में तीसरे स्थान पर आने पर सम्मानित करते हुए। *फोटो : हरिभूमि*

हरिभूमि न्यूज ⏭ नरवाना

बेलरखा गांव के प्रिंस धतरवाल ने जैवलिन थ्रो यानी भाला फेंक प्रतियोगिता में राष्ट्रीय स्तर पर तीसरा स्थान प्राप्त कर क्षेत्र और प्रदेश का नाम रोशन किया है। गौरतलब है कि प्रिंस धतरवाल पुत्र स्वर्गीय राजकुमार धतरवाल गांव बेलरखा के आम किसान परिवार में जन्मे और प्रारंभिक परीक्षा गांव के सरकारी स्कूल से प्राप्त की। प्रिंस धतरवाल बचपन से ही खेल में रुचि रखते थे। खेल के प्रति उनके रुझान और रुचि को देखते हुए पिता स्वर्गीय राजकुमार धतरवाल ने उनको कोचिंग के लिए इंटरकॉन्टिनेंटल शाइनिंग स्टार एथलेटिक्स अकैडमी करनाल में दाखिल करवाया। पिता का सपना था कि उनका बेटा भी एक दिन नीरज चोपड़ा की तरह खेल के मैदान में ख्याति प्राप्त करें। पिता के अरमानों पर खरा उतारते हुए प्रिंस धतरवाल ने कोच मयंक शर्मा के मार्गदर्शन में लगातार कड़ा अभ्यास किया और हाल ही में चेन्नई में हुई राष्ट्रीय एथलेटिक्स चैंपियनशिप में तीसरा स्थान प्राप्त कर ब्रॉन्ज मेडल हासिल किया।

**पिता का सपना पूरा कर हासिल की राष्ट्रीय सफलता**

विदित रहे की 41वीं नेशनल जूनियर एथलेटिक्स चैंपियनशिप 2026, एथलेटिक्स फाउंडेशन ऑफ इंडिया द्वारा 23 से 27 अक्टूबर तक चेन्नई में आयोजित की गई थी। प्रिंस धतरवाल ने इस चैंपियनशिप में अंडर 16 आयु वर्ग के तहत हिस्सा लिया और 68.07 मीटर लंबा जैवलिन थ्रो कर तृतीय स्थान हासिल कर अपने हुनर का प्रथम फहराया। प्रिंस धतरवाल की इस चैंपियनशिप में जीत की सूचना से पूरा परिवार, गांव और क्षेत्र में खुशी का माहौल है तथा शुभचिंतकों द्वारा परिवार को बधाइयां दी जा रही है। प्रिंस धतरवाल के ताऊ फूलकुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि बेटे को चमकता हुआ एथलेटिक्स देखना उनके पिता राजकुमार का सपना था। जो दुर्भाग्य से गत 2 वर्ष पहले दुनिया को छोड़कर चले गए। उनके आकस्मिक निधन के बाद विधवा माता सुमेश देवी और अन्य परिजनों ने प्रिंस का इस कांटे भरे सफर में पूरा सहयोग किया।

# हर शिकायत का स्थायी समाधान सुनिश्चित करें अधिकारी

■ समाधान शिविर में डीसी ने सुनी समस्याएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ जींद



**जींद।** समाधान शिविर में शिकायतें सुनते हुए डीसी।

डीसी डा. वैशाली शर्मा ने कहा कि आमजन की समस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित करना जिला प्रशासन की प्राथमिकता है। नागरिकों को अपनी शिकायतों के समाधान के लिए अनावश्यक रूप से कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें, इसके लिए समाधान शिविरों के माध्यम से उनकी समस्याओं को सुनकर संबंधित विभागों के अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए जा रहे हैं। डीसी डा. वैशाली शर्मा वीरवार को लघु सचिवालय स्थित कॉन्फ्रेंस हॉल में आयोजित समाधान शिविर के दौरान नागरिकों की शिकायतें सुनते हुए कही।

डीसी ने विभिन्न क्षेत्रों से आए नागरिकों की समस्याओं को गंभीरता से सुना और संबंधित विभागों के अधिकारियों को मौके पर ही आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि समाधान शिविर आमजन और प्रशासन के बीच एक प्रभावी सेतु के रूप में कार्य कर रहे हैं। इन शिविरों का उद्देश्य नागरिकों की समस्याओं को सीधे प्रशासन के संज्ञान में लाकर उनका नियमानुसार एवं समयबद्ध समाधान सुनिश्चित करना है। इसलिए अधिकारी प्रत्येक शिकायत को पूरी गंभीरता से लें और समस्या की वास्तविक स्थिति का आकलन करते हुए उसका स्थायी समाधान करवाएं।

**समाधान शिविर में उठीं टैक्स व पेयजल समस्याएं**

समाधान शिविर में जींद निवासी सुमित कुमार ने वर्ष 1994 से 1999 तक के हाउस टैक्स की रसीदें जारी करवाने का अनुरोध किया। डीसी डा. वैशाली शर्मा ने मामले का संज्ञान लेते हुए नगर परिषद के अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई करने तथा नियमानुसार उनकी समस्या का समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। गांव अनुपगढ़ निवासी अजमेर सिंह ने अपने क्षेत्र में पानी की सप्लाई चालू करवाने संबंधी शिकायत रखी। इस पर डीसी ने जनस्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को मामले में तुरंत आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिएए ताकि संबंधित क्षेत्र में पेयजल आपूर्ति सुचारू करने की दिशा में प्रभावी कदम उठाए जा सकें।

# सीआरएसयू की महिला कबड्डी टीम ने राष्ट्रीय शैली में जीता कांस्य पदक

■ कुलगुरु ने पदक और ट्रॉफी देकर बढ़ाया खिलाड़ियों का हौंसला

हरिभूमि न्यूज ⏭ जींद



**जींद।** प्रतियोगिताओं में अच्छा प्रदर्शन करने वाली टीम वीसी के साथ।

चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय के विश्वविद्यालय शिक्षण विभाग के खिलाड़ियों ने अंतर महाविद्यालयीय कबड्डी और क्रिकेट प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विश्वविद्यालय का नाम रोशन किया है। महिला कबड्डी टीम ने राष्ट्रीय शैली की कबड्डी प्रतियोगिता में तीसरा स्थान हासिल किया है। जबकि क्रिकेट टीम के खिलाड़ियों ने भी अपने खेल कौशल से प्रभावित किया। खिलाड़ियों की उपलब्धियों पर विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो. रामपाल सैनी ने उन्हें पदक और ट्रॉफी देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर कुलगुरु ने खिलाड़ियों की मेहनत, अनुशासनए खेल भावना और समर्पण की सराहना करते हुए कहा कि खेल विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास का महत्वपूर्ण माध्यम हैं। खेलों से न केवल शारीरिक और मानसिक क्षमता मजबूत होती है बल्कि विद्यार्थियों में नेतृत्वए टीम भावना और चुनौतियों का सामना करने का जज्बा भी विकसित होता है।



**उचाना।** प्रतियोगिता में विजेता खिलाड़ी, कोच को सम्मानित करते हुए।

## शिवानिया स्कूल के दो पहलवानों ने जीते स्वर्ण पदक, विद्यालय पहुंचने पर स्वागत

**उचाना।** शिवानिया पब्लिक स्कूल उचाना मंडी के दो विद्यार्थियों ने पुणे (महाराष्ट्र) में आयोजित सीबीएसई नेशनल रेसलिंग चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीतकर विद्यालय, जींद, हरियाणा का नाम रोशन किया। प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करने वाले विधि और संकेत का विद्यालय पहुंचने पर भव्य स्वागत किया गया। प्रधानाचार्या श्रीमती प्रोमिला मलिक और विद्यालय प्रबंधन ने दोनों खिलाड़ियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया। कक्षा आठवीं की छात्रा विधि ने 42 किलोग्राम भार वर्ग में स्वर्ण पदक हासिल किया, जबकि कक्षा नौवीं के छात्र संकेत ने 71 किलोग्राम भार वर्ग में शानदार प्रदर्शन करते हुए गोल्ड मेडल अपने नाम किया। दोनों खिलाड़ियों ने अपनी मेहनत, प्रतिभा और खेल के प्रति समर्पण से यह उपलब्धि हासिल की।

# एक को दिल्ली के रामलीला मैदान में होने वाली रैली में बढ़चढ़ कर भाग लेने का आह्वान

हरिभूमि न्यूज ⏭ जींद




**जींद।** पत्रकारों से बातचीत करते हुए कांग्रेस जिलाध्यक्ष रिषिपाल हैबतपुर व अन्य नेता।

कांग्रेस जिलाध्यक्ष रिषिपाल हैबतपुर, पवन दुहन, सीपीआई एम के जिला सचिव कपूर सिंह, रमेश चंद्र ने कहा कि मताधिकार बचाओ, लोकतंत्र बचाओ और देश बचाओ के आह्वान के साथ एक नवंबर को दिल्ली के रामलीला मैदान में होने वाली इंडिया ब्लॉक की रैली में जींद जिले से हजारों की संख्या में लोग शामिल होंगे। रैली की तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। नेताओं ने कहा कि निर्वाचन आयोग द्वारा एसआईआर (विशेष गहन पुनरीक्षण) करवाने, फॉर्म 6 के नियमों में बदलाव, वोटर डेटा से जुड़े सॉफ्टवेयर और उसके केंद्रीकरण तथा संवैधानिक प्रावधानों एवं कानूनों के कथित उल्लंघन जैसे मुद्दों ने चुनाव प्रक्रिया की निष्पक्षता और पारदर्शिता पर गंभीर सवाल खड़े किए हैं। इससे लोगों के मताधिकार और लोकतांत्रिक व्यवस्था पर प्रतिकूल प्रभाव पडऩे की आशंका है। विपक्षी पार्टियां और जनसंगठन शुरू से ही इन मुद्दों को उठाते हुए चुनाव आयोग की जवाबदेही सुनिश्चित करने की मांग कर रहे हैं।

## नरवाना शहर मेन बाजार में नहीं लगा अबकी बार महिलाओं का हुजूम

**नरवाना।** नरवाना शहर में करवा चौथ के अवसर पर खरीददारी करने के लिए महिलाओं की लगीं कम भीड़। दूसरे मेहंदी लगाने वालों के पास भी महिलाओं की कम भीड़ देखने को मिली। फिर भी कुछ भीड़ लगने पर बाजार में थोड़ी सी रौनक लौट आयी है। लेकिन बाहर बाजार में कुछ ज्यादा भीड़ देखने को नहीं मिली क्योंकि शहर में विकास कार्य चल रहे हैं जिसकी वजह से लोगों का आना-जाना रूक सा गया है खास कर महिलाओं का तो आना-जाना बहुत कम हो गया है, करवा चौथ व्रत पर महिलाएं ही खरीदारी करने के लिए बाजार में आती थी वो ही आने में असमर्थ हैं जिससे बाजार में रौनक नहीं दिखाई दे रही है।कुल मिलाकर इस वर्ष नरवाना में जगह जगह खड्डे होने की वजह से दिपावली फिकी रहने की? सम्भावना लग रही है, आगे समय बताएगा कैसा रहेगा दिपावली का त्योहार दुकानदारो के लिए।



**नरवाना।** दुकानें तो सजी है लेकिन भीड़ गायब। *फोटो : हरिभूमि*

## जनता दर्शन मिलन कार्यक्रम में डिप्टी स्पीकर ने सुनीं आमजन की समस्याएं

# प्रधानमंत्री पद की गरिमा का ध्यान रखें कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन

***कई समस्याओं का मौके पर ही किया समाधान***

हरिभूमि न्यूज ⏭ जींद



**जींद।** जनसमस्याएं सुनते हुए डिप्टी स्पीकर डा. कृष्ण मिड्ढा।

हरियाणा विधानसभा के डिप्टी स्पीकर एवं जींद के विधायक डा. कृष्ण मिड्ढा ने कांग्रेस पार्टी राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को लेकर दिए गए बयान पर कहा कि प्रधानमंत्री पूरे देश के प्रधानमंत्री हैं। ऐसे में किसी भी राजनीतिक दल के नेता को उनके पद की गरिमा और संवैधानिक मर्यादाओं का ध्यान रखना चाहिए। लोकतंत्र में सभी राजनीतिक दलों और नेताओं को अपनी बात रखने का पूरा अधिकार है लेकिन सार्वजनिक जीवन में भाषा की मर्यादा बनाए रखना भी उतना ही आवश्यक है। प्रधानमंत्री जैसे पद की गरिमा के प्रति बयान देते समय शब्दों का चयन सोच समझ कर किया जाना चाहिए।

डिप्टी स्पीकर डा. कृष्ण मिड्ढा गुरूवार को अपने आवास पर आयोजित जनता दर्शन मिलन कार्यक्रम में आमजन की समस्याएं सुनने के बाद पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। जनसुनवाई के दौरान प्रत्येक व्यक्ति की समस्या को ध्यानपूर्वक सुना और संबंधित अधिकारियों से मौके पर ही समस्या के संबंध में जानकारी देकर उसके समाधान के निर्देश दिए गए।

**मूलभूत सुविधाओं से जुड़ी समस्याओं पर ध्यान देना जरूरी**

*राजनीतिक मतभेद लोकतंत्र का हिस्सा हैं लेकिन इन मतभेदों को व्यक्त करते समय संवैधानिक पदों की गरिमा और आपसी सम्मान का ध्यान रखना चाहिए। उन्होंने कहा कि देश हित और लोकतांत्रिक मूल्यों को सर्वोपरि रखते हुए सभी नेताओं को अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन करना चाहिए। उन्होंने कहा कि आमजन की समस्याओं का समाधान करना जनप्रतिनिधियों और प्रशासन की प्राथमिक जिम्मेदारी है। जो भी समस्या संबंधित विभाग के स्तर पर हल हो सकती है, उसे समयबद्ध तरीके से पूरा किया जाए। उन्होंने कहा कि सड़क, गली, सीवर, बिजली और सफाई जैसी मूलभूत सुविधाओं से जुड़ी समस्याएं सीधे आमजन के दैनिक जीवन से जुड़ी होती हैं, इसलिए इन पर विशेष ध्यान दिया जाना जरूरी है। उन्होंने कहा कि जनसुनवाई का उद्देश्य आमजन और प्रशासन के बीच सीधा संवाद स्थापित करना है ताकि लोगों को अपनी समस्याएं रखने के लिए उचित मंच मिले और उनकी समस्याओं का समाधान तेजी से हो सके। डिप्टी स्पीकर ने जनता दर्शन मिलन कार्यक्रम के दौरान कमल सिंह संगतपुरा गली निर्माण बारे, दालमवाला के धानकान समाज की चौपाल बारे, स्कूल बस्ती से उमेश की बिजली व गली निर्माण बारे, दालमवाला गांव के रमेश सरंपच की स्कूल बारे, जलालपुर खुर्द से प्रदीप की जमीन से संबंधित, न्यू जवाहर नगर जींद के सतबीर की बिजली बारे सहित अनेक शिकायतें सुनी और अधिकारियों को दिशा-निर्देश दिए।*

### युवाओं को नशे के खिलाफ किया जागरूक

**नरवाना।** पुलिस अधीक्षक उपासना यादव के कुशल मार्गदर्शन में जींद पुलिस द्वारा युवाओं को नशे से दूर रखने तथा साइबर अपराधों के प्रति जागरूक करने के लिए लगातार जागरूकता अभियान चलाए जा रहे हैं। इसी कड़ी में जींद पुलिस की नशा मुक्ति टीम द्वारा दादा खेड़ा लाइब्रेरी, बेलरखां में विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर दादा खेड़ा लाइब्रेरी, बेलरखां के संचालक सुमित कुमार, नशा मुक्ति टीम के इंचार्ज उप निरीक्षक नरेश कुमार अपनी टीम सहित तथा बड़ी संख्या में युवा एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान नशा मुक्ति टीम के इंचार्ज उप निरीक्षक नरेश कुमार ने युवाओं को नशे के दुष्प्रभावों के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए बताया कि नशा व्यक्ति के स्वास्थ्य, शिक्षा, परिवार और भविष्य को बर्बाद कर सकता है।

## खबर संक्षेप

### 20 ग्राम हेरोइन (चिट्टा) सहित आरोपी काबू

**कैथल।** एक तरफ जहां जिला पुलिस द्वारा एसपी मनप्रीत सिंह सूदन के निर्देशानुसार आमजन को नशा न करने बारे जागरूक किया जा रहा है, वहीं नशा तस्करों पर लगातार शिकंजा कसा जा रहा है। इसी कड़ी में सीआईए-1 पुलिस द्वारा शहर कैथल क्षेत्र से एक आरोपी को 20 ग्राम हेरोइन (चिट्टा) सहित काबू किया गया।

### एसडीएम ने सुनी आमजन की समस्याएं

**गुहला-चीका।** बीडीपीओ कार्यालय चीका के हॉल में समाधान शिविर आयोजित किया गया, जिसकी अध्यक्षता एसडीएम मनीष कुमार यादव ने की। इस शिविर में दर्जनों व्यक्ति अपनी शिकायत व समस्या लेकर पहुंचे। एसडीएम ने सभी शिकायतों को गंभीरता से सुना, तथा मौजूद अधिकारियों को जल्द निपटान के निर्देश दिए। शिविर के दौरान मुख्यतः शिकायतें आधार कार्ड अपडेट, बिजली, फैमली आई-डी में आय सत्यापन तथा सड़क निर्माण से संबंधित रही।

### 1 नवंबर को दिल्ली रैली में कार्यकर्ता होंगे शामिल

**कैथल।** भारत की कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी) जिला कमेटी कैथल के कार्यकारी जिला सचिव कामरेड जय प्रकाश ने आज प्रैस को जारी बयान में कहा कि मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार को पद से हटाया जाए , एस आई आर को रोका जाए ,मतदाताओं के काटे गए वोट बहाल किए जाएं , पात्र लोगों के वोट काटने से प्रभावित चुनावों को पुनः चुनाव करवाकर मतदाताओं को वोट का अधिकार दिया जाए।

### जल्द पूरी करवाएं जमीन हस्तांतरण प्रक्रिया: डीसी

**कैथल।** डीसी अपराजिता ने लघु सचिवालय के निकट एचएसवीपी की दो एकड़ जमीन में बनने वाले ऑडिटोरियम के लिए जमीन हस्तांतरण प्रक्रिया को जल्द पूरा करवाए जाने के निर्देश दिए हैं। इस संबंध में आयोजित एक बैठक में डीसी अपराजिता ने ये निर्देश जारी किए।

### जीवन में रक्तदान से बड़ा कोई पुण्य नहीं

**राजौंद।** हरियाणा ग्रामीण बैंक के क्षेत्रीय कार्यालय में वीरवार को सामाजिक सरोकार एवं मानव सेवा की भावना को समर्पित रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में बैंक अधिकारियों, कर्मचारियों तथा ग्राहकों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए 61 यूनिट रक्तदान किया। रक्तदाताओं ने रक्तदान कर मानवता की सेवा और सामाजिक एकजुटता का संदेश दिया।

### चौधरी ईश्वर सिंह कॉलेज में लगा दिवाली मेला

**पूंडरी।** चौधरी ईश्वर सिंह कन्या महाविद्यालय, पुंडरी में होम साइंस विभाग, महिला प्रकोष्ठ एवं रिचुअल सेल के संयुक्त तत्वावधान में दीपावली मेले का भव्य आयोजन किया गया। मेले का शुभारंभ महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. शकुंतला सिंगला, मुख्य अतिथि नरेंद्र सिंह, सरपंच बाकल एवं प्रधान, सरपंच एसोसिएशन पुंडरी द्वारा मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित करके किया गया।

### शिविर में एडीसी ने सुनी आमजन की समस्याएं

**कैथल।** एडीसी डॉ. सुशील कुमार ने लघु सचिवालय के सभागार में समाधान शिविर के दौरान नागरिकों की समस्याओं को सुना और संबंधित विभाग के अधिकारियों को आवश्यक निर्देश जारी किए। समाधान शिविर में विभिन्न स्थानों से आए नागरिकों द्वारा सीवरेज लाईन की सफाई, 100 वर्ग गज प्लाट की निशानदेही व कब्जा दिलवाना, वेतन निर्धारण दुरुस्तीकरण, परिवार पहचान पत्र संबंधित शिकायतों को एडीसी के समक्ष रखा। गांव मुंदड़ी निवासी संजीव ने अपनी शिकायत में बताया कि नैना वाली सड़क पर गंदे पानी की समस्या से काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है, इसका समाधान करवाया जाए।

# दूसरे दिन भी बस अड्डा व करनाल रोड के पास से हटवाया अतिक्रमण

## दुकानो के आगे रखे सामान को नप टीम ने किया जब्त

कार्रवाई के दौरान सड़क पर सामान रखने वाले दुकानदारों को समझाया और उन्हें बताया गया कि दोबारा भी दुकान के सामने सड़क पर सामान रखने पर उनका सामान जब्त किया जाएगा

हरिभूमि न्यूज ⏭कैथल



**कैथल।** थाना प्रबंधक यातायात इंस्पेक्टर रमेश कुमार अवैध अतिक्रमण हटवाते हुए। *फोटो: हरिभूमि*

कैथल शहर में सुगम व सुरक्षित यातायात व्यवस्था स्थापित करने के लिए एसपी मनप्रीत सिंह सूदन के दिशा निर्देश तहत चलाई जा रही मुहिम के तहत कैथल पुलिस लगातार प्रयासरत है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि एसपी मनप्रीत सिंह सूदन के निर्देश पर शहर में सुगम व सुरक्षित तथा निर्बाध यातायात व्यवस्था स्थापित करने के लिए थाना प्रबंधक यातायात इंस्पेक्टर रमेश कुमार की अगुवाई में ट्रैफिक पुलिस तथा कैथल नगर परिषद की टीम द्वारा संयुक्त अभियान तहत लगातार दूसरे दिन बस अड्डा व करनाल रोड़ कैथल के पास दुकानदारों व रेहड़ी वालों द्वारा किया गया अतिक्रमण हटवाया गया। इस दौरान नगर परिषद टीम ने करीब 20 दुकानो के बाहर रखे सामान को भी जब्त किया गया। इससे पूर्व बुधवार को भी कैथल पुलिस व नगर परिषद द्वारा कैथल शहर में कई जगह से अतिक्रमण हटवाया गया था। कार्रवाई के दौरान सड़क पर सामान रखने वाले दुकानदारों को समझाया गया तथा उन्हें बताया गया कि दोबारा भी दुकान के सामने सड़क पर सामान रखने पर उनका सामान जब्त किया जाएगा। इस अवसर पर दुकानदारों द्वारा पुलिस को सहयोग देते हुए आश्वासन दिया गया कि वे आगे से पुलिस प्रशासन के कल्याणकारी कार्य में सहयोग करके सडक पर अतिक्रमण नहीं करेंगे।

### जारी रहेगा शहर में अभियान

प्रवक्ता ने कहा कि दुकानदारों द्वारा सड़क पर सामान रखने व दुकान के आगे व्हीकल खडा होने से रास्ता काफी तंग हो जाता है। जिससे आमजन को निकलने में काफी परेशानी का सामना करना पडता है। भविष्य में भी समय समय पर ऐसे ऐसे अभियान चला कर जारी रहेगें।

# मिठाई की दुकानों से लिए सैंपल

- त्योहारों के सीजन में खाद्य सुरक्षा विभाग की कार्रवाई
- एसडीएम मनीष कुमार यादव की मौजूदगी में चला जांच अभियान, खाद्य पदार्थों में मिलावट रोकने के लिए टीम को दिया प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭गुहला-चीका



गुहला-चीका। छापेमारी अभियान के दौरान सैंपल की जांच करते एसडीएम मनीष कुमार यादव।

**मिलावट करने वालों के खिलाफ होगी कार्रवाई : एसडीएम**

एसडीएम मनीष कुमार यादव ने कहा कि त्योहारों के दौरान लोगों को शुद्ध, गुणवत्तापूर्ण और सुरक्षित खाद्य पदार्थ उपलब्ध करवाना प्रशासन की प्राथमिकता है। बाजार में किसी भी प्रकार की मिलावट बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इसी उद्देश्य से खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम के साथ जांच अभियान चलाया गया और दूध से बने खाद्य पदार्थों के तीन सैंपल लिए गए हैं।

त्योहारों के सीजन को देखते हुए खाद्य पदार्थों में मिलावट की रोकथाम और आमजन को सुरक्षित खाद्य सामग्री उपलब्ध करवाने के उद्देश्य से प्रशासन ने जांच अभियान तेज कर दिया है। दीपावली से पहले खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने एसडीएम मनीष कुमार यादव की मौजूदगी में मिठाई की दुकानों पर जांच की। इस दौरान दूध से बने खाद्य पदार्थों के चार सैंपल लेकर जांच के लिए भेजे गए।

# धान खरीद में एसडीएम ने की बड़ी कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭गुहला-चीका



गुहला-चीका। एसडीएम द्वारा काबू किया गया बाहर से धान लाता ट्रक।

धान खरीद प्रक्रिया में पारदर्शिता बनाए रखने और अनाधिकृत रूप से धान लेकर आने वाले वाहनों पर अंकुश लगाने के लिए प्रशासन द्वारा कड़ी निगरानी की जा रही है। एसडीएम मनीष कुमार यादव और मार्केट कमेटी सचिव सुरेश कुमार की टीम द्वारा लगातार छापेमारी कर वाहनों के दस्तावेजों की जांच की जा रही है। दस्तावेजों में कमी पाए जाने पर नियमानुसार कार्रवाई अमल में लाई जा रही है। इसी कड़ी में जुलाना से चीका आ रहे धान से लदे एक ट्रक को जांच के दौरान पकड़ा गया। ट्रक के दस्तावेजों में कमी पाए जाने पर संबंधित वाहन के खिलाफ कार्रवाई करते हुए 52 हजार 950 रुपये की मार्केट फीस व पेनल्टी लगाई गई। जबकि एक अन्य ट्रक के डॉक्युमेंट सही पाए गए।

### एसपी ने साइबर ठगी से बचने के सुझाव दिए

**कैथल।** आधुनिक दौर में मोबाइल फोन केवल बात करने का माध्यम नहीं, बल्कि बैंकिंग, सोशल मीडिया, ईमेल और व्यक्तिगत जानकारी का प्रमुख साधन बन गया है। ऐसे में साइबर अपराधी फोन के माध्यम से लोगों की निजी जानकारी चुराकर ठगी की घटनाओं को अंजाम दे रहे हैं। इसी को ध्यान में रखते हुए कैथल एसपी मनप्रीत सिंह सूदन ने नागरिकों को मोबाइल फोन के सुरक्षात्मक उपयोग को लेकर महत्वपूर्ण सुझाव दिए हैं। उन्होंने बताया कि सबसे पहले अपने व्हाट्सएप और ईमेल अकाउंट पर टू-स्टेप वेरिफिकेशन को अवश्य सक्रिय करें। इससे यदि कोई व्यक्ति आपके अकाउंट को हैक करने की कोशिश भी करेगा।

# ई-वेस्ट प्रबंधन के लिए नमो ई-वेस्ट के साथ हुआ समझौता

हरिभूमि न्यूज ⏭कैथल



**कैथल।** एमओयू करते आरकेएसडी कालेज एवं 'नमो ई-वेस्ट मैनेजमेंट लिमिटेड' के अधिकारी। *फोटो: हरिभूमि*

आरकेएसडी महाविद्यालय, कैथल ने पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक सकारात्मक कदम उठाते हुए, इलेक्ट्रॉनिक वेस्ट के उचित संग्रह और पुनर्चक्रण (रिसाइक्लिंग) के लिए भारत की अग्रणी सरकारी-अधिकृत इलेक्ट्रॉनिक वेस्ट रिसाइक्लिंग और आईटी एसेट डिस्पोजिशन (आईटीएडी) कंपनियों में से एक, 'नमो ई-वेस्ट मैनेजमेंट लिमिटेड' के साथ एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए। प्रधान प्रबंधक समिति अश्विनी शोरेवाले ने इस समझौते को स्वच्छ भारत की दिशा में महाविद्यालय का महत्वपूर्ण प्रयास बताया एवं पर्यावरण संरक्षण में संस्था की प्रतिबद्धता को जाहिर किया। प्राचार्य एवं पर्यावरण विशेषज्ञ डॉ. गगन मित्तल एवं नमो ई-वेस्ट मैनेजमेंट लिमिटेड' के प्रतिनिधि विवेक ने हस्ताक्षर किए। प्राचार्य डॉ मित्तल ने कहा कि यह समझौता छात्रों के बीच पर्यावरणीय जागरूकता पैदा कर, उन्हें दैनिक जीवन में जिम्मेदार आदतें अपनाने के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा।

# पटाखों के निर्माण व बिक्री पर लगा प्रतिबंध

- ग्रीन पटाखे निर्धारित समय पर ही फोड़ने की अनुमति

हरिभूमि न्यूज ⏭कैथल

जिलाधीश अपराजिता ने सर्दियों के मौसम में बढ़ते वायु प्रदूषण को गंभीर स्वास्थ्य चिंता का विषय बताते हुए कैथल जिले की सीमा में पटाखों के निर्माण, बिक्री और इस्तेमाल को लेकर प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किए हैं। अक्टूबर से जनवरी के दौरान वायु प्रदूषण का स्तर बढ़ने से बच्चों, बुजुर्गों तथा पहले से श्वसन और हृदय संबंधी बीमारियों से पीड़ित लोगों के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है। दीवाली, गुरुपर्व, फ्सिमस और नववर्ष जैसे अवसरों पर पटाखे जलाने से हवा में हानिकारक रसायन, विषाक्त पदार्थ, धातु के कण और गैसें फैलती हैं, जिससे वायु एवं ध्वनि प्रदूषण बढ़ता है। इसी के मद्देनजर पटाखों की बिक्री और इस्तेमाल को नियंत्रित करने के लिए माननीय सर्वोच्च न्यायालय के आदेशों की सख्ती से पालना सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। जिलाधीश ने हरियाणा राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के सुझावों और सरकार के निर्देशानुसार भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 की धारा 163 के तहत कैथल जिले की सीमा में 31 जनवरी 2027 तक ग्रीन पटाखों को छोड़कर अन्य सभी प्रकार के पटाखों के निर्माण, बिक्री, फोड़ने और इस्तेमाल पर प्रतिबंध लगाया है। इसके साथ ही सीरीज पटाखों (सीरीज क्रेकर्स या लड़ी) तथा बेरियम सॉल्ट वाले पटाखों पर भी रोक रहेगी।

### अधिकारियों ने दिए निर्देश

आदेशों की पालना के लिए अधिकारियों को निर्देश-जिलाधीश ने जारी आदेशों की सख्ती से पालना सुनिश्चित करने के लिए पुलिस विभाग, नगर आयुक्त, सभी उपमंडल अधिकारी (नागरिक), सभी डीएसपी, तहसीलदार, नायब तहसीलदार, बीडीपीओ, ईओ नगर परिषद, नगर पालिका सचिव, सभी थाना प्रभारी, फायर ऑफिसर तथा अग्निशमन विभाग के अन्य संबंधित अधिकारियों को जिम्मेदारी सौपी है।

### 178 किलो 600 ग्राम अवैध पटाखे बरामद

**कैथल।** पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि चौकी पुंडरी पुलिस की टीम द्वारा अवैध रूप से पटाखे रखने व बनाने वालों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए गांव दिल्लोवाली हाल नियर खेड़ी मटेरवा रोड, नजदीक सरकारी स्कूल फतेहपुर निवासी बलवान के मकान पर दबिश देकर 178 किलो 600 ग्राम चटर-पटर अवैध पटाखे बरामद कर लिए गए। इसी दौरान पुलिस को गुप्त सूचना मिली कि गांव दिल्लोवाली हाल नियर खेड़ी मटेरवा रोड, नजदीक सरकारी स्कूल फतेहपुर निवासी बलवान बिना किसी लाइसेंस व परमिट के चटर-पटर (छोटे पटाखे) बनाने का काम करता है। जो अवैध पटाखे बनाते दौरान आग से झुलस गया हैं।



# कौल कॉलेज में मेहंदी प्रतियोगिता नीलाक्षी को मिला प्रथम स्थान

**ढांड।** बाबू अनंत राम जनता कॉलेज, कौल में वाणिज्य विभाग, कॉमर्स एसोसिएशन एवं महिला प्रकोष्ठ के संयुक्त तत्वावधान में मेहंदी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में कॉलेज की छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए अपनी सृजनात्मक प्रतिभा और मेहंदी कला का शानदार प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता का आयोजन प्रबंध समिति के अध्यक्ष चौधरी तेजवीर सिंह के मार्गदर्शन तथा कार्यवाहक प्राचार्या डॉ. कुसुम के निर्देशन में किया गया। निर्णायक मंडल में डॉ. संदीप कुमार, डॉ. पुष्पा और डॉ. कोमल रानी शामिल रहीं। निर्णायकों ने छात्राओं की मेहंदी के डिजाइनों, सुंदरता, रचनात्मकता और प्रस्तुति के आधार पर मूल्यांकन किया। प्रतियोगिता में बी.कॉम. द्वितीय वर्ष की नीलाक्षी ने प्रथम, बी.कॉम. प्रथम वर्ष की सिमरन ने द्वितीय तथा बी.ए. तृतीय वर्ष की प्रोमिला ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। वहीं, बी.ए. प्रथम वर्ष की अनुमिता को सांत्वना पुरस्कार दिया गया। इस अवसर पर कार्यवाहक प्राचार्या डॉ. कुसुम ने विजेता छात्राओं को बधाई देते हुए कहा कि इस प्रकार की प्रतियोगिताएं विद्यार्थियों में आत्मविश्वास और सृजनात्मकता को बढ़ावा देने के साथ-साथ पारंपरिक कला के प्रति रुचि विकसित करती हैं।

# सफाई कर्मियों ने किया प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭राजौंद



**राजौंद।** बीडीपीओ कार्यालय के सामने प्रदर्शन करते हुए ग्रामीण सफाई कर्मचारी।

ब्लॉक राजौंद के ग्रामीण सफाई कर्मचारियों ने अपनी मांगों को लेकर खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी (बीडीपीओ) कार्यालय के सामने धरना-प्रदर्शन किया। धरने की अध्यक्षता जिला एवं ब्लॉक प्रधान वीरभान जाखौली ने की, जबकि मंच का संचालन राजबीर नरवाल ने किया।प्रदर्शन को संबोधित करते हुए ग्रामीण सफाई कर्मचारी यूनियन के राज्य प्रधान बसाऊ राम ने कहा कि ग्रामीण सफाई कर्मचारी यूनियन ने संघर्ष कर हरियाणा में एक्स-ग्रेशिया पॉलिसी लागू करवाई है। हरियाणा सरकार ने 10 सितंबर 2026 को पत्र जारी कर स्पष्ट किया था कि ड्यूटी के दौरान किसी ग्रामीण सफाई कर्मचारी की मृत्यु होने पर उसके परिवार के आश्रित को अनुकंपा के आधार पर सफाई कर्मचारी के पद पर नियुक्त किया जाए।उन्होंने कहा कि गांव बीर बागड़ा, सेरधा और किठाना में ग्रामीण सफाई कर्मचारियों की मृत्यु हो चुकी है। इन मामलों को लेकर यूनियन प्रतिनिधि कई बार बीडीपीओ राजौंद और डीडीपीओ से मिल चुके हैं, लेकिन अभी तक मृतक कर्मचारियों के आश्रितों को नियुक्ति नहीं दी गई। उन्होंने आरोप लगाया कि बी डी पीओ राजौंद द्वारा लगातार मामले में उन्हें गुमराह किया जा रहा है। यूनियन नेताओं ने कहा कि बी डी पी ओ और डीडीपीओ द्वारा हरियाणा सरकार के आदेशों की कथित रूप से अनदेखी की जा रही है। उन्होंने कहा कि यदि सरकार ने पॉलिसी लागू कर दी है तो मृतक कर्मचारियों के परिवारों को उसका लाभ मिलना चाहिए। कर्मचारियों ने चेतावनी दी कि मांग पूरी नहीं होने पर आंदोलन को और तेज किया जाएगा।

# डीएवी नेशनल स्पोर्ट्स टूर्नामेंट में आदित्य मलिक ने जीता कांस्य



- गांव सौंगल में खुशी की लहर

**कैथल।** ऑल इंडिया डीएवी इंस्टिट्यूट मैनेजमेंट कमेटी नई दिल्ली द्वारा 24 से 26 अक्टूबर 2026 तक मलकपुर स्टेडियम ग्रेटर नोएडा में आयोजित डीएवी नेशनल स्पोर्ट्स टूर्नामेंट में गांव सौंगल के छात्र आदित्य मलिक ने शानदार प्रदर्शन करते हुए वेटलिफ्टिंग अंडर-17 वर्ग में कांस्य पदक हासिल किया राष्ट्रीय स्तर की इस प्रतियोगिता में पदक जीतकर आदित्य ने अपने स्कूल, परिवार और गांव सौंगल का नाम रोशन किया है। आदित्य ने पिछले दिनों करनाल में आयोजित राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में गोल्ड मेडल जीता था इस उपलब्धि की खबर मिलते ही गांव सौंगल में खुशी की लहर दौड़ गई ग्रामीणों, परिजनों और शुभचिंतकों द्वारा आदित्य को बधाई देने का सिलसिला जारी है लोगों ने उनकी उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए इसे गांव और जिले के लिए गौरव का विषय बताया आदित्य मलिक की इस सफलता को उनकी मेहनत, लगन और खेल के प्रति समर्पण का परिणाम माना जा रहा है। राष्ट्रीय स्तर पर कांस्य पदक हासिल करना उनके लिए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। उनकी इस सफलता से अन्य विद्यार्थियों को भी खेलों में भाग लेने और अपनी प्रतिभा को निखारने की प्रेरणा मिलेगी।

## सुविधा मंडियों में किसानों को खाना खाने की चिंता नहीं

*सस्ता और गुणवत्ता परक खाना 10 रुपये में करवाया जा रहा है उपलब्ध*

# अटल श्रमिक किसान कैंटीन बनी किसानों और मजदूरों का सहारा

हरिभूमि न्यूज ⏭कैथल

धान के सीजन में हरियाणा सरकार की अटल कैंटीन योजना मजदूरों एवं किसानों के लिए सहारा बनी हुई है। काम की भागदौड़ के बीच मजदूरों व किसानों को खाने की चिंता नहीं है। मंडियों में दस रुपये में स्वास्थ्यवर्धक खाना मुहैया करवाया जा रहा है। इस कैंटीन की मुख्य विशेषता यह है कि किसानों और मजदूरों को सिर्फ 10 रुपये में भरपेट और स्वादिष्ट भोजन उपलब्ध कराया जाता है। डीसी अपराजिता द्वारा धान खरीद के साथ-साथ लगातार भोजन की गुणवत्ता से लेकर निर्बाध आपूर्ति तक की जानकारी ली जा रही है। डीसी जहां किसानों की धान की बिक्री, बिक्री के बाद उठान पर बारीकी से नजर बनाए हुए हैं, वहीं मंडियों में किसानों, मजदूरों सहित आढ़तियों को दी जाने वाली सुविधाओं को लेकर लगातार अपडेट ले रही हैं।

इसी के तहत उन्होंने सरकार द्वारा संचालित की जा रही अटल कैंटीन योजना के तहत दिए जाने वाले खाने को लेकर लगातार निगरानी की है। जिले की अनाज मंडियों में इस समय आठ कैंटीन चल रही हैं। जहां सीजन में हर रोज लगभग दो हजार से अधिक की संख्या में किसान, मजदूर व आढ़ती खाना खा रहे हैं। आठ मंडियों में चल रही हैं अटल कैंटीन-जिले की आठ अनाज मंडियों में अटल कैंटीन चल रही हैं। यहां महज दस रुपये में एक थाली दी जाती है। इस थाली में आमतौर पर एक दाल, एक सब्जी, चार चपाती और चावल दिए जाते हैं (इसके अलावा कुछ स्थानों पर लस्सी या अन्य चीजें भी शामिल होती हैं)। भोजन की लागत को कम रखने के लिए हरियाणा सरकार/मार्केटिंग बोर्ड द्वारा प्रति थाली करीब 15 रुपये की सब्सिडी दी जाती है।

### स्वयं सहायता समूह की महिलाएं चला रही कैंटीन

मंडियों में कैंटीनों का संचालन स्थानीय महिलाओं के स्वयं सहायता समूह द्वारा किया जाता है, जिससे महिलाओं को रोजगार और आत्मनिर्भरता मिलती है। यह कैंटीन आमतौर पर दोपहर के भोजन के समय सुबह 11 बजे से दोपहर 3 बजे तक खुली रहती है। कैंटीनों में साफ-सफाई के साथ-साथ बैठने के लिए अच्छी व्यवस्था, पेयजल, फ्रिज, गैस बर्नर, सीसीटीवी कैमरे और बिलिंग/कूपन मशीन जैसी सुविधाएं उपलब्ध कराई जाती हैं। जिले में कैथल, चीका, कलायत, पूंडरी, सीवन, ढांड, पाई सहित सभी मंडियों में यह अटल श्रमिक किसान कैंटीन चलाई जा रही है, जिसमें किसानों, मजदूरों व आम नागरिकों को काफी लाभ मिल रहा है।

**न्यायालय सहायक कलैक्टर द्वितीय श्रेणी-कम-उप-तहसीलदार राजौन्द।**
**केस नं. : 110/NT**
सतवीर बनाम रामचन्द्र आदि
**विषयः गांव किछाना के प्रतिवादीगण को अखबार के माध्यम से सूचित करने बारे।**
आम जनता
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि न्यायालय सहायक कलैक्टर द्वितीय श्रेणी कम उप-तहसीलदार राजौन्द में वाका मौजा गांव किछाना उप-तहसील राजौन्द जिला कैथल खेवट नं. 341, व 342 का दावा तकसीम करने बारे एक दरखास्त सतबीर बनाम रामचन्द्र आदि इस न्यायालय में विचारधीन है जिसमें उतरवादीगण 203 है जिसमें से कुछ उतरवादीगण की मृत्यु होने की रिपोर्ट आई है जिसके सही वारसानों का पता नहीं चला है व कुछ उतरवादीगणों की गांव से बाहर रहने की तसदीक हुई है जो कि गांव में काफी लम्बे अरसे से नहीं रह रहे हैं। जिनका पता करने पर भी कोई उसका निवास पता नहीं प्राप्त हुआ है। इनके बारे में गांव के मौजिज व्यक्तियों व गांव के नम्बरदार आदि से भी कुछ पता नहीं लगा है कि कहां पर रह रहे हैं। इसलिए आपसे अनुरोध है कि उक्त सभी उतरवादीगणों को अखबार के माध्यम से सूचित किया जाता है कि पूरे भारतवर्ष में वह जहां भी रह रहे हैं तो दिनांक 09.12.2026 तक न्यायालय सहायक कलैक्टर द्वितीय श्रेणी कम उप-तहसीलदार राजौन्द जिला कैथल में पेश होवे अन्यथा आपके विरूद्ध एक तरफा कार्यवाही अमल में लाई जाएगी। नोटिस मेरे द्वारा मेरे न्यायालय द्वारा दिनांक 28.10.2026 को मेरे द्वारा मोहर/ हस्ताक्षर द्वारा जारीशुदा है।
**हस्ता/- न्यायालय सहायक कलैक्टर, द्वितीय श्रेणी कम उप-तहसीलदार राजौन्द।**

**न्यायालय तहसीलदार-कम-सब रजिस्ट्रार जीन्द**
अनूज कुमार पुत्र श्री धर्मेन्द्र निवासी शिवपुरी कालोनी नरवाना रोड जीन्द
**बनाम जनरल पब्लिक**
इस इश्तहार के माध्यम से हर आम व खास को सूचित किया जाता है कि स्व. धर्मेन्द्र के नाम एक वाहन रजि. नं. HR64A7516 दर्ज है इस कार्यालय में पेश किया है जिसके स्पष्ट रूप से बताया गया है कि प्रार्थी के पिता धर्मेन्द्र का स्वर्गवास 15.10.2024 को हो चुका है इनकी मृत्यु पश्चात निम्नलिखित वारसान हैं -
1. सन्तरो मृतक की माता
2. सुनिता मृतक की पत्नी
3. अनूज कुमार मृतक का पुत्र
4. तमन्ना मृतक की पुत्री
इसके अलावा उक्त मृतक का दीगर वारिसान कोई नहीं है जिसके संबंध में प्रार्थी ने अपना शपथ पत्र भी प्रस्तुत कर दिया है इसलिए हर आम व खास को इस नोटिस / इश्तहार के माध्यम से सूचित किया जाता है कि उपरोक्त मृतक के बताए गए वारसान / उतराधिकारी के बाबत कोई शक या एतराज हो तो वह स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से इस नोटिस के प्रकाशन के उपरान्त 7 दिनों के अन्दर-अन्दर इस कार्यालय के कार्यदिवास पर एतराज प्रस्तुत कर सकता है अन्यथा उपरोक्त तथ्यों के आधार पर पंजीकरण कर दिया जावेगा।
यह नोटिस बाबत इश्तहार दिनांक 29.10.2026 को मेरे हस्ताक्षर की मोहर द्वारा जारी किया जाए।
**हस्ता/- तहसीलदार-कम-सब रजिस्ट्रार जीन्द**

## खबर संक्षेप

### खेतों से ट्यूबवेलों की बिजली केबल चोरी

**जींद।** उचाना इलाका में बीती रात केबल व अन्य उपकरण चोर गिरोह ने दर्जनभर किसानों के खेतों से कीमती बिजली केबलों को चोरी कर लिया। गांव उचाना खुर्द निवासी नवीन ने पुलिस को दी शिकायत में बताया की बीती रात चोरों ने उसके खेत में सबमर्सिबल ट्यूबवेल से लगभग दो सौ फुट केबल को चोरी कर लिया। इसके इलावा उसके पड़ोसी किसान नरसी, भगत सिंह, राजेश, राजेंद्र, सत्यवान, सतबीर, प्रकाश, संदीप, अशोक, बलजीत, अनिल, कुलदीप, वजीर, गांव भगवानपुरा निवासी वेदप्रकाश, टेकचंद के खेतों से कीमती बिजली केबलों को चोरी कर लिया।

### कोचिंग सेंटर गई युवती संदिग्ध हालात में लापता

**जींद।** नरवाना कोचिंग सेंटर से निकली युवती के संदिग्ध हालात में गायब होने पर शहर थाना नरवाना पुलिस ने अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। गांव खरल निवासी एक व्यक्ति ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि गत दिवस उसकी बेटी घर से नरवाना कोचिंग सेंटर के लिए निकली थी। जिसके बाद वह घर वापस नही लौटी। जब उन्होंने कोचिंग सेंटर जाकर पता किया तो उसकी बेटी सेंटर से निकल चुकी थी। तलाशने तथा पूछताछ करने पर उसकी बेटी का कोई सुराग नहीं लगा। शहर थाना नरवाना पुलिस ने शिकायत के आधार पर अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

### विधायक अत्री की बढ़ती लोकप्रियता से विरोधियों में बेचैनी : योगेश

**उचाना।** भाजपा नेता योगेश कसूहन ने कहा कि उचाना हलके में विधायक देवेंद्र चतरभुज अत्री की लोकप्रियता लगातार बढ़ रही है। उनके अनुसार, विधायक की बढ़ती लोकप्रियता से विरोधी नेताओं में बेचैनी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश, मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में हरियाणा और विधायक देवेंद्र चतरभुज अत्री के नेतृत्व में उचाना हलका निरंतर विकास की दिशा में आगे बढ़ रहा है। कसूहन ने कहा कि विधानसभा चुनाव में उचाना हलके की जनता ने एक आम परिवार के बेटे को अपना प्रतिनिधि चुनकर विधानसभा भेजने का काम किया। बड़े राजनीतिक घरानों को यह बात स्वीकार नहीं हो रही है कि आम परिवार का व्यक्ति भी आगे बढ़ा है।

### करवाचौथ पर्व : मंदिरों में हुआ सामूहिक कथाओं का आयोजन, रात को चांद का इंतजार रहा लंबा

# सुहागिनों ने चांद के दीदार के साथ खोला व्रत

### बाजारों में सारा दिन रही रौनक, शहर के ढाबों व होटलों पर लगी खाना लेने वालों की भीड़

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जींद

जिलेभर में वीरवार को करवा चौथ का व्रत धूमधाम से मनाया गया। सुहानिग महिलाओं ने व्रत रख कर अपने पति की लंबी उम्र के लिए कामना की। सुबह के समय में भारी संख्या में महिलाओं में टोलियां बनाकर कथा सुनी और पति की लंबी उम्र के लिए भगवान से कामना की।

जयंती देवी मंदिर के पुजारी नवीन शास्त्री ने बताया कि करवा चौथ हिंदू पंचांग के अनुसार कार्तिक माह के चौथे दिन होता है। परंपराओं के अनुसार इस दिन शादीशुदा महिलाएं या जिनकी शादी होने वाली हैं वो अपने पति की लंबी आयु के लिए व्रत करती हैं। ये व्रत सुबह सूरज उगने से पहले से लेकर और रात्रि में चंद्रमा निकलने तक रहता है। करवा चौथ की शुरुआत किसी एक कथा के कारण नहीं हुई थी। इस त्योहार की बहुत अधिक महत्वता है। इस दिन के लिए कई सारी कथाओं का प्रचलन है। पूरे भारतवर्ष में हिंदू धर्म में आस्था रखने वाले लोग बड़ी धूमधाम से करवाचौथ मनाते हैं। करवा चौथ के चलते शहर के बाजारों में वीरवार को सुबह के समय खासी भीड़ रही। सुबह सुहागिन महिलाओं ने पति की लंबी उम्र के लिए व्रत रखा। दोपहर को कथा सुनी और उसके बाद जलपान किया। रात में चांद निकलने के बाद ही सुहागिनों ने छलनी से पति और चांद के दर्शन करने के बाद अपने व्रत खोले। इस मौके पर पतियों ने अपनी पत्नियों को शानदार गिफ्ट भी दिए। शहर के बाजारों में करवा चौथ को लेकर खरीददारी का दौर दिन भर चलता रहा। वहीं जैसे ही महिलाओं ने चांद को देख कर व्रत को पूरा किया तो शहर के ढाबों व होटलों पर खाना लेने के लिए लंबी लाइनें लग गई।



जींद। जयंती देवी मंदिर में कथा सुनते हुए महिलाएं। फोटो : हरिभूमि

#### अहोई के लिए खरीदे मिट्टी के बर्तन

करवा चौथ पर पति की लंबी उम्र के लिए व्रत रखने वाली सुहागिन महिलाओं तथा अन्य महिलाओं ने अहोई के व्रत के लिए खरीदारी की। इसके लिए महिलाओं ने मिट्टी के वह बर्तन खरीदे। इनमें अहोई के व्रत पर पानी भर कर रखा जाता है। मां अपने बेटों और बेटियों की लंबी उम्र की कामना करती हैं।

#### संस्कारों के रंगों से सजा करवा चौथ का उत्सव

**पूंडरी।** रजनी रॉयल गार्डन में महिलाओं ने मिलकर करवा चौथ का पावन त्योहार हर्षोल्लास, श्रद्धा और पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ मनाया। इस अवसर पर सभी महिलाओं ने एकत्रित होकर बंटी पंडित के मुखारविंद से करवा चौथ की कथा सुनी और अपने परिवार की सुख-समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की। इस अवसर पर एक किरण उम्मीद की संस्था की अध्यक्ष निधि मोहन ने करवा चौथ के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि भारतीय संस्कृति में त्योहारों का विशेष महत्व है। करवा चौथ पति-पत्नी के प्रेम, विश्वास और समर्पण का प्रतीक है। ऐसे त्योहार हमारी संस्कृति और परंपराओं को सहेजने के साथ-साथ महिलाओं को आपस में जुड़ने, खुशियां बाँटने और रिश्तों में प्रेम व अपनापन बढ़ाने का अवसर भी प्रदान करते हैं। कार्यक्रम में महिलाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ त्योहार की खुशियां साझा कीं। इस अवसर पर पूनम ढुआ, डॉक्टर वनिता डलवानी , दीप्ति बत्रा, मंजू रानी, नेहा, वंदना मित्तल, ईशा बत्रा सहित अन्य महिलाएं भी उपस्थित रहीं। कार्यक्रम का माहौल प्रेम, सौहार्द और उत्साह से सराबोर रहा।



पूंडरी। करवा चौथ की कथा सुनती महिलाएं।



कैथल। सीवन में करवा चौथ पर कथा सुनती महिलाएं। फोटो : हरिभूमि

#### व्रत रखकर पति की लंबी उम्र की कामना की

**कैथल।** करवाचौथ का पर्व बृहस्पतिवार को जिले भर में बड़े ही उत्साह व रीति-रिवाज से मनाया गया। सुहागिनों ने अपने सुहाग की लम्बी आयु के लिए व्रत रखा तथा रीति-रिवाजों के साथ पूजा आराधना की। भारतीय संस्कृति में अनेक व्रत व त्योहार मनाए जाते है लेकिन करवाचौथ के व्रत का अपना ही एक महत्व है जिसका इन्तजार प्रत्येक स्त्री को रहता है। करवाचौथ का व्रत रखकर पत्नी पति की लंबी आयु की कामना करती है व घर परिवार में खुशहाली की प्रार्थना कर चंद्रोदय के बाद अर्ध्य देकर अन्न-जल ग्रहण किया। दोपहर बाद सुहागिनों ने पौराणिक कथा सुनकर अपने पति की दीर्घायु के लिए प्रार्थना की। आज सभी महिलाओं ने पूरे 16 श्रृंगार किए। पंडित श्याम सुंदर गौड़ ने बताया कि कार्तिक मास की चतुर्थी को यह व्रत मनाया जाता है, जिस कारण इसका नाम करवाचौथ पड़ा।

#### करवा चौथ पर सुखी वैवाहिक जीवन की कामना की

**उचाना।** करवा चौथ के पर्व पर महिलाओं ने व्रत रखकर अपने पतियों की लंबी उम्र और सुखी वैवाहिक जीवन की कामना की। पर्व को लेकर महिलाओं में खासा उत्साह देखने को मिला। महिलाओं ने परंपरा और श्रद्धा के साथ करवा चौथ का त्योहार मनाया। दोपहर के समय महिलाओं ने एकत्रित होकर करवा चौथ की कथा सुनी और सूर्यदेव को जल अर्पित किया। दिनभर व्रत रखने के बाद रात को चंद्रमा के दर्शन होने पर महिलाओं ने चांद को अर्ध्य दिया। इसके बाद पति का चेहरा देखकर और उनके हाथों से जल ग्रहण कर व्रत खोला।



उचाना। करवा चौथ व्रत की कथा सुनते हुए महिलाएं। फोटो :हरिभूमि



राजौंद। दुर्गा मंदिर में करवा चौथ की कथा सुनतीं और पूजा-अर्चना करतीं सुहागिन महिलाएं। फोटो : हरिभूमि

#### दुर्गा मंदिर में करवा चौथ की कथा सुनी

**राजौंद।** करवा चौथ के पावन पर्व पर नगर में सुहागिन महिलाओं में खासा उत्साह देखने को मिला। महिलाओं ने अपने पति की लंबी आयु, सुख-समृद्धि और परिवार की खुशहाली की कामना को लेकर पूरे दिन करवा चौथ का व्रत रखा। सुबह से ही महिलाएं पर्व को लेकर तैयारियों में जुटी रहीं। महिलाओं ने नए वस्त्र धारण कर सोलह श्रृंगार किया और करवा चौथ की पूजा की तैयारियां की। शाम के समय महिलाओं ने एकत्रित होकर करवा चौथ की कथा सुनी और विधि-विधान से पूजा-अर्चना की। नगर के दुर्गा मंदिर में करवा चौथ की कथा का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में सुहागिन महिलाओं ने भाग लिया। महिलाओं ने करवा माता की पूजा कर अपने पति की दीर्घायु और परिवार में सुख-शांति की कामना की। इस दौरान मंदिर परिसर में श्रद्धा और भक्ति का माहौल बना रहा।महिलाओं ने करवा चौथ की पारंपरिक पूजा के दौरान करवे की अदला-बदली की और कथा सुनी। पर्व को लेकर महिलाओं में सुबह से ही उत्साह नजर आया।



जींद। जींद में 92 वर्षीय प्रेम और 87 वर्षीय मेवा देवी करवा चौथ का पर्व मनाते हुए।



जींद। मांगों को लेकर धरना देते हुए।

#### पीडब्ल्यूडी मैकेनिकल कर्मियों ने लंबित मांगों को लेकर किया धरना-प्रदर्शन

**जींद।** हरियाणा कर्मचारी महासंघ से संबंधित ऑल हरियाणा पीडब्ल्यूडी मैकेनिकल कर्मचारी यूनियन ने राज्य कोषाध्यक्ष व ब्रांच प्रधान पवन रजाना की अध्यक्षता में कर्मचारियों की मांगों को लेकर कार्यकारी अभियंता के कार्यालय पर धरना दिया व प्रदर्शन किया। मंच संचालन राज्य सचिव व ब्रांच सचिव हीरामल नरवाल ने किया। कर्मचारियों को संबोधित पवन रजाना ने बताया की कर्मचारियों कि जायज मांगें काफी लंबे समय से लंबित पड़ी हैं। उनकी मांगों में कच्चे कर्मचारियों की सैलरी देना, तारकोल स्टोर में दीवार पर तार लगवाई जाएं, कर्मचारियों को इस्टर व साबुन के पैसे दिए जाएं, कर्मचारियों को ब्लॉक ईयर 2024-2027 की सिनियोरटी वाइज एलटीसी दी जाए, मैकेनिकल वर्कशॉप में शटर, खिड़की दरवाजे व नाइटवॉश करवाई जाए, चतुर्थ श्रेणी व तृतीय श्रेणी कर्मचारियों के लिए आवासीय क्वार्टर बनाएं जाए इत्यादि। धरने में राज्य उप महासचिव सुरेश शर्मा, जिला वरिष्ठ उपप्रधान जोगिंद्र श्योराण, गुलाब ढुल, जसवंत सिंह, मोहित कुमार, हवा सिंह नागर, प्रदीप कुमार, समरूद्दीन, हवा सिंह नागर, सुनिल कुमार, सतबीर सिंह मौजूद रहे।

# स्मृति और डॉ. अर्चना की जोड़ी प्रदेश में भाजपा को मजबूत करेगी : डॉ. पुष्पा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जींद

भाजपा जिला महामंत्री डॉ. पुष्पा तायल ने कहा कि पूर्व केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी और प्रदेश अध्यक्ष डॉ. अर्चना गुप्ता की जोड़ी हरियाणा में भाजपा संगठन को नई मजबूती देने के साथ महिला सशक्तीकरण को नई दिशा देने का काम करेगी। उन्होंने विश्वास जताया कि दोनों नेताओं के अनुभव, नेतृत्व और संगठनात्मक क्षमता से पार्टी का जनाधार और अधिक मजबूत होगा।

डॉ. पुष्पा तायल ने कहा कि भाजपा का उद्देश्य केवल सत्ता तक सीमित नहीं है बल्कि सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ समाज की अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक पहुंचाना भी है। इसके लिए पार्टी कार्यकर्ताओं को जमीनी स्तर पर सक्रिय होकर आमजन को सरकारी योजनाओं के प्रति जागरूक करना चाहिए ताकि पात्र लोगों को योजनाओं का पूरा लाभ मिल सके। उन्होंने कहा कि महिला सशक्तिकरण भाजपा की प्राथमिकताओं में शामिल है। महिलाओं को आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाने, बेटियों की शिक्षा को प्रोत्साहित करने और महिलाओं के लिए संचालित कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी घर-घर तक पहुंचाने की दिशा में निरंतर प्रयास किए जाने चाहिए। महिलाओं की राजनीतिक और सामाजिक भागीदारी बढ़ने से प्रदेश के विकास को नई गति मिलेगी। डा. तायल ने कहा कि मजबूत संगठन, समर्पित कार्यकर्ता और जनसेवा की भावना भाजपा की सबसे बड़ी ताकत हैं।



जींद। भाजपा प्रदेशाध्यक्ष के साथ डॉ. पुष्पा तायल।

# डॉ. गर्ग को सिविल सर्जन का अतिरिक्त कार्यभार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कैथल

हरियाणा स्वास्थ्य विभाग ने कैथल जिले के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सीवन में कार्यरत वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी डॉ. बलविंदर गर्ग को 1 नवंबर 2026 से सिविल सर्जन, कैथल का अतिरिक्त कार्यभार सौंपने के आदेश जारी किए हैं। यह जिम्मेदारी वर्तमान सिविल सर्जन डॉ. रेणु चावला के 31 अक्टूबर 2026 को सेवानिवृत्त होने के बाद प्रभावी होगी। स्वास्थ्य विभाग के महानिदेशक, हरियाणा द्वारा जारी आदेशों के अनुसार डॉ. बलविंदर गर्ग अपने वर्तमान पद पर कार्य करते हुए सिविल सर्जन का दायित्व भी संभालेंगे।



डॉ. बलविंदर गर्ग

डॉ. बलविंदर गर्ग ने कहा कि उनकी प्राथमिकता कैथल जिले के लोगों को बेहतरीन, पारदर्शी और समयबद्ध स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना होगी। उन्होंने अस्पतालों में मरीजों को बेहतर इलाज, दवाइयों की उपलब्धता, साफ-सफाई, आपातकालीन सेवाओं को मजबूत करने और ग्रामीण क्षेत्रों तक स्वास्थ्य सुविधाओं को और प्रभावी बनाने के लिए पूरी प्रतिबद्धता से कार्य करने की बात कही।

# पूर्व सीएम हुड्डा के आह्वान पर दिल्ली रैली में इतिहास बनाएगा हरियाणा : गर्ग

- कांग्रेस नेता बोले- वोट बचाओ, देश बचाओ महारैली भीड़ के लिहाज से सबसे बड़ी होगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जींद

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता पवन गर्ग ने कहा कि देश के नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के आह्वान पर इंडिया गठबंधन से जुड़े जो दल एक नवंबर को दिल्ली में वोट बचाओ देश बचाओ महारैली करने जा रहे हैं, वह भीड़ के लिहाज से इतिहास दर्ज करेगी। यह रैली देश की ही नहीं पूरी दुनिया की सबसे बड़ी रैली साबित होगी। क्योंकि मसला लोकतंत्र को बचाने का है। मसला संविधान को बचाने का है, मसला लोगों के वोट के अधिकार को बचाने का है। इसलिए इस रैली में भाग लेने के लिए देश भर के संजीदा और स्वाभिमानी लोग तैयार हो चले हैं। भाजपा सरकार की कठपुतली बन कर मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने जिस तरह से लोगों के वोट काट कर संविधान पर चोट पहुंचाई है उससे देश के जन-जन में उबाल आया हुआ है। इस उबाल की आंच एक नवंबर को देश की राजधानी दिल्ली के रामलीला मैदान में देखने को मिलेगी। कांग्रेस नेता पवन गर्ग ने कहा कि भाजपा सरकार लोकतंत्र को कुचलने में पूरा जोर लगा रही है। मगर सत्तासीन भूल गए हैं कि इस देश के लोगों की रगों में शहीद भगत सिंह, चंद्रशेखर आजाद, सुखदेव, राजगुरू, सुभाषचंद्र बोस, रानी लक्ष्मी बाई, आर्यन लेडी इंदिरा गांधी जैसा सरीखों का वह खून बह रहा है जो किसी की भी जुल्म ज्यादती सहन नहीं कर सकता। गर्ग ने कहा कि भाजपा सरकार रैली में अडंगा डालने के लिए ओच्छे प्रयासों पर उतर आई है।



कांग्रेस के वरिष्ठ नेता पवन गर्ग।



ढांड। महंत राजेंद्र पुरी जी महाराज की 'धर्म रक्षा व राष्ट्र रक्षा यात्रा' का स्वागत करते श्रद्धालु। फोटो :हरिभूमि

#### ढांड में महंत राजेंद्र पुरी की धर्म रक्षा व राष्ट्र रक्षा यात्रा का जोरदार स्वागत

**ढांड।** ढांड में जग ज्योति धाम बिजड़पुर, शाहाबाद के महंत राजेंद्र पुरी महाराज की 'धर्म रक्षा व राष्ट्र रक्षा यात्रा' के पहुंचने पर ग्रामीणों में भारी उत्साह देखने को मिला। ग्रामीणों ने फूल-मालाओं और पुष्पवर्षा के साथ यात्रा का भव्य स्वागत एवं अभिनंदन किया। इस दौरान गांव में धार्मिक आस्था और देशभक्ति का माहौल बना रहा। यात्रा के स्वागत में कर्म सिंह बेगपुर, मान सिंह ढांड, देवेंद्र फरल, राम कुमार ढांड, नरेश शर्मा कौल, कृष्ण कुमार, गांव सलीमपुर महदूद के सरपंच राजबीर, नवीन कुमार, मक्खन सिंह और मनप्रीत शाहाबाद सहित अनेक ग्रामीण मौजूद रहे। श्रद्धालुओं ने महंत राजेंद्र पुरी महाराज का आशीर्वाद प्राप्त किया। स्वागत समारोह को संबोधित करते हुए महंत राजेंद्र पुरी जी महाराज ने सनातन धर्म के प्रचार-प्रसार और समाज में एकजुटता बनाए रखने पर जोर दिया। उन्होंने युवाओं से खेलों में बढ़-चढ़कर भाग लेने तथा नशे जैसी सामाजिक बुराइयों से दूर रहने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि युवा देश का भविष्य हैं और उनका स्वस्थ, अनुशासित व संस्कारित होना राष्ट्र की मजबूती के लिए आवश्यक है।

# कांग्रेस पार्टी 60 वर्ष के कार्यकाल में भी सैनिकों को सुविधा नहीं दे सकी : कंडेला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जींद

हरियाणा सहकारी श्रम एवं निर्माण प्रसंग के पूर्व अध्यक्ष व भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता टेकराम कंडेला ने कहा है कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने 12 वर्ष के कार्यकाल में देश की सुरक्षा के लिए सेना को आधुनिक हथियार देकर व अनेक प्रकार की सुविधा देकर ऐतिहासिक कार्य किया है। इसके साथ-साथ देश की सीमाओं को भी मजबूत किया है। नेहरू परिवार के 60 वर्ष के कार्यकाल में ऐसी सुविधा सेना को नहीं मिली थी। देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देश की सुरक्षा एवं विकास के लिए किसी प्रकार का कोई समझौता नहीं करते हैं। जब कि कांग्रेस के कार्यकाल में जब सेना के लिए कोई हथियार खरीदे जाते थे तो उसके अंदर कमीशन खोरी चलती थी व बोफोर्स घोटाला सामने आया और इसके साथ-साथ अनेक प्रकार के घोटाले भी कांग्रेस के कार्यकाल में आए हैं। भारतीय जनता पार्टी के 12 वर्ष के कार्यकाल में किसी भी प्रकार का कोई घोटाला देखने को नहीं मिला है। भारतीय जनता पार्टी राष्ट्रवाद की बात करते हैं, पार्टी से पहले उनके लिए राष्ट्रहित जरूरी है। कंडेला ने इंडिया गठबंधन पर बोलते हुए कहा कि यह एक लुटेरों का गिरोह है, जो देश में वोट चोरी व संविधान के नाम पर लोगों को गुमराह करने का काम करते हैं और देश के अंदर अराजकता फैलाना चाहते हैं लेकिन देश के लोग उनकी बातों को समझ चुके हैं। कंडेला ने हरियाणा की राजनीति पर बोलते हुए कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी किसान मजदूर व गरीबों के हित में कार्य कर रहे हैं और विपक्षी दल उनकी बढ़ती हुई लोकप्रियता से घबराए हुए हैं।



टेकराम कंडेला।

#### डोडापोस्त तस्करी मामले में सहआरोपी काबू

**कैथल।** डोडापोस्त तस्करी मामले में एंटी व्हीकल थेफ्ट स्टाफ प्रभारी एसआई मुकेश कुमार की अगुवाई में एएसआई अजीत सिंह की टीम द्वारा 296 किलो 255 ग्राम डोडापोस्त मामले में गांव मरोड़ी जिला पटियाला पंजाब निवासी नारंग उर्फ रंगा को नियमानुसार गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि 18 नंवबर 2025 को आंबेडकर चौक के पास एक गली से एक आरोपी को पकड़ा था। वहीं, दूसरा फरार हो गया था। पकड़े गए आरोपी सुखविंद्र उर्फ काला से पूछताछ में सामने आया कि उसका साथी जो फरार हुआ हैं वह गांव मरोड़ी निवासी नारंग उर्फ रंगा हैं। आरोपी किसी अन्य मामले में शहांपुर राजस्थान जेल में बंद था। जिसको अदालत के आदेशानुसार प्रोडक्शन वारंट पर लिया गया।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हुड्डा कॉम्पलेक्स, डी.आर.डी.ए. के सामने, जीन्द
हरिभूमि कार्यालय, करनाल रोड, जाट स्टेडियम के सामने, कैथल
फोन : 8295154800, 8295157800, 8814999186, 8814999166, 9253681005

### स्ट्रीट लाइट का ऑनलाइन टेंडर लगाने में रुचि नहीं ले रहे अधिकारी

# कलायत में नपा की स्ट्रीट लाइट व्यवस्था फेल, अंधेरे में सड़कें

### लाखों रुपये की तिरंगा लाइटें पूरी तरह से ठप

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कलायत

कलायत नगर पालिका शहर की गलियों, सड़कों व सार्वजनिक स्थलों को रोशन करने में सफल नहीं हो पा रही। सांझ ढलते ही शहर अंधेरे की गिरफ्त में आ जाता है। रोशनी की समुचित व्यवस्था नहीं होने से आम नागरिकों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। सुरक्षा व्यवस्था की राह में भी अंधेरा चुनौती है। सामान्य लाइटों के साथ-साथ लाखों रुपये खर्च करके लगाई गई तिरंगा लाइटों की बदहाली भी व्यवस्था पर सवाल खड़े कर रही है। लाखों रुपये के बजट से लगाई गईं तिरंगा लाइटें पिछले काफी समय से बंद पड़ी हैं। ये लाइटें रोशनी फैलाने के बजाय बिजली के खंभों से लिपटी हुई महज शोपीस बनकर रह गई हैं। राष्ट्रीय ध्वज के रंगों से जुड़ी इन लाइटों का उद्देश्य शहर की सुंदरता बढ़ाने के साथ-साथ रोशनी की व्यवस्था करना था। वर्तमान स्थिति में इनका लाभ नागरिकों को नहीं मिल पा रहा है। पार्षदों व शहरवासियों का कहना है कि सरकार की नीति के अनुसार स्ट्रीट लाइटों जैसे कार्यों का टेंडर ऑनलाइन जरूरी है। ऑफ लाइन लाखों रुपये के बिजली के सामान की खरीदी की जा रही है। यह बेहद गंभीर मामला है। बिना देरी के सभी बिलों को जब्त करते हुए शीर्ष स्तर पर इस मामले की जांच जरूरी है।





कलायत। कलायत के महाराजा अग्रसेन पार्क में बंद पड़ी लाइटें तथा वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप सामुदायिक भवन की मुख्य गली में पालिका का लचर बिजली सिस्टम। फोटो :हरिभूमि

#### पार्कों में समस्या का सामना कर रहे लोग

प्राचीन कपिल मुनि तीर्थ के निकट स्थित महाराजा अग्रसेन पार्क सहित शहर के प्रमुख सार्वजनिक स्थलों पर पर्याप्त रोशनी होना जरूरी है। शाम के समय इन स्थानों पर लोगों की आवाजाही रहती है। ऐसे में स्ट्रीट लाइटें बंद रहने से लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ता है। पार्षदों, सामाजिक संगठनों और आम नागरिकों ने स्ट्रीट लाइट व्यवस्था को नियमित रूप से चालू रखने की आवश्यकता पर जोर दिया है।

#### जल्द दूरी होगी समस्या : खान

कलायत नगर पालिका के कनिष्ठ अभियंता अब्दुल वहाब खान ने बताया कि महाराजा अग्रसेन पार्क सहित शहर की स्ट्रीट लाइट व्यवस्था को रोशन रखने के लिए टेंडर प्रक्रिया जारी है। इसके तहत जल्द ही टेंडर अलॉट होगा। इसके बाद स्ट्रीट लाइटों को नियमित रूप से रोशन रखने एवं रखरखाव में समस्या नहीं आने दी जाएगी।